

पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

'हिंसा किसी समस्या का समाधान नहीं'


मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का

लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 44 ■ अंक : 123 ■ बुधवार 22 जुलाई 2026 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel Subscribe

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A.

Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com


# दर्जनों अनधिकृत होर्डिंग पर नपा ने की कार्रवाई





■ अवैध होर्डिंग लगाने वालों में हड़कंप

■ राजेंद्र वालेकर ने इस मुद्दे को महासभा में उठाया था

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद द्वारा मंगलवार को केबी सड़क के आसपास के दर्जनों अवैध होर्डिंग्स को कटर से काटकर एवं जेसीबी से तोड़कर कार्रवाई की गई. मुख्याधिकारी उमाकांत गायकवाड़ एवं नपा के सभी बड़े अधिकारी उस समय उपस्थित थे. अतिक्रमण विभाग के अधिकारी नरेंद्र संखे, गावित की निगरानी में ये कार्रवाई की गी. साईबाबा मंदिर से लेकर फारेस्ट नाका तक अधिकृत होर्डिंग, बैनर व विज्ञापन के बोर्ड भी इस विशेष मुहिम में हटाए गए. ये सभी होर्डिंग नपा की अनुमति के बिना लगाए गए थे. उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के निर्देशानुसार ये होर्डिंग हटाए गए हैं. ऐसा नपा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है. होर्डिंग और उसके बड़े फ्रेम मंगलवार को निकाले या तोड़े जाएंगे. इस डर से शहर के एक बिल्डर ने सोमवार रात में ही कई मजदूर लगाकर होर्डिंग निकाल लिए थे. दो दिनों पूर्व एक बड़े होर्डिंग पर चढ़कर बैनर लगा रहे एक मजदूर की करंट लगने से मौत हो गई थी. इस घटना के बाद शिवसेना शहर प्रमुख अरविंद वालेकर ने नपा प्रशासन को चेतावनी दी थी कि शहर में और किसी मासूम की जान जाने से पूर्व अधिकृत होर्डिंग नपा ने निकाले नहीं तो वह नपा पर मोर्चा निकालेंगे. नगरसेवक राजेंद्र वालेकर ने भी शहर में लगाए गए अधिकृत बड़े होर्डिंग को निकालने की मांग महासभा में की थी. उनकी सुनवाई ना होने के बाद नपा पर मोर्चा ले जाने की बात से प्रशासन हरकत में आ गया और केबी रेड के होर्डिंग को निकाला गया है. ऐसी कार्रवाई शहर में जारी रहेगी, ऐसा नरेंद्र संखे ने कहा है. लेकिन अब ये प्रश्न उठाए जा रहे हैं कि इन होर्डिंग वालों से क्या नपा दंड के साथ रकम वसूल करेगी, जो कि करोड़ों में है. राजेंद्र वालेकर ने प्रश्न महासभा में उठाया था.

# तीन चरणों में होगा मेट्रो का काम

■ पहला फेज़ जल्द पूरा होगा

■ ठाणे-भिवंडी-उल्हासनगर को जोड़ेगा मेट्रो रेल

■ कशेली में डिपो का काम हुआ तेज़

ठाणे. मेट्रो लाइन 5 पर काम अभी तेज़ी से चल रहा है। फेज़ 1 का काम अभी अपने आखिरी स्टेज में है, वहीं इस मेट्रो के लिए कशेली में डिपो पर भी काम शुरू हो गया है। जून 2026 तक इस प्रोजेक्ट का 23 परसेंट काम पूरा हो गया था। यह कार शेड ठाणे-भिवंडी-कल्याण-उल्हासनगर को जोड़ने वाली इस लाइन के लिए बनाया जा रहा है। हाल ही में यह घोषणा की गई थी कि मेट्रो लाइन-5 को उल्हासनगर तक बढ़ाया जाएगा। अब इस नई लाइन को बनाने की तैयारी भी शुरू हो गई है।



इस बीच, मेट्रो रूट 5 के मेट्रो रेक के लंबे समय तक ऑपरेशन, मेंटेनेंस और इरेक्शन के लिए कशेली टोल प्लाजा के पास करीब 27 हेक्टेयर ज़मीन पर डिपो बनाया जा रहा है। इस डिपो की कैपेसिटी 30 मेट्रो रेक हैंडल करने की होगी। इसके साथ ही डिपो में एक वर्कशॉप, टेस्ट ट्रैक, डिपो कंट्रोल सेंटर, एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, स्टाफ रहने की जगह, यूटिलिटी इंफ्रास्ट्रक्चर और स्टेट-ऑफ-द-आर्ट मेंटेनेंस फैसिलिटी बनाई जाएंगी।

### मेट्रो रूट-5 कैसा होगा?

ठाणे-भिवंडी-कल्याण-उल्हासनगर के बीच चलने वाला मेट्रो रूट 5, 34.21 km लंबा होगा। इस रूट पर कुल 19 स्टेशन होंगे। प्रोजेक्ट को तीन मेन फेज़ में बांटा गया है। पहले फेज़ में, ठाणे में कपूरबावड़ी और भिवंडी में धमनकर नाका के बीच इंफ्रास्ट्रक्चर का काम शुरू हो गया है। ये काम अभी फाइनल स्टेज में हैं। दूसरे फेज़ में, धमनकर नाका से कल्याण में दुर्गाडी चौक तक मेट्रो लाइन बनाई जाएगी।

इस फेज़ को भी दो फेज़ में बांटा गया है। पहले फेज़ में, धमनकर नाका से रंजोली जंक्शन तक कंस्ट्रक्शन किया जाएगा। इसमें 3 km लंबे सबवे के साथ एक एलिवेटेड लाइन बनाना शामिल है। इस लाइन पर एक एलिवेटेड स्टेशन और एक अंडरग्राउंड स्टेशन होगा। दूसरे फेज़ में, रंजोली जंक्शन से दुर्गाडी चौक तक कंस्ट्रक्शन किया जाएगा। इस लाइन में चार एलिवेटेड स्टेशन और नाले पर एक पुल बनाना शामिल होगा।

इस बीच, MMRDA का लक्ष्य 2026 के आखिर तक फेज़ 1 को पूरा करके ठाणे से भिवंडी रूट पर मेट्रो शुरू करना है। इस हिस्से पर 97 परसेंट से ज़्यादा कंस्ट्रक्शन पूरा हो चुका है। अभी, ओवरहेड बिजली के खंभे और दूसरे छोटे-मोटे काम बाकी हैं। अभी, इस रूट का मेट्रो रेल सेफ्टी कमिश्नर इंस्पेक्शन कर रहे हैं।



### उल्हासनगर तक मेट्रो लाइन को बढ़ाने के लिए कॉन्ट्रैक्टर नियुक्त करने का प्रोसेस शुरू

मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी ने भिवंडी के धामणकर नाका से उल्हासनगर तक मेट्रो लाइन को बढ़ाने के लिए कॉन्ट्रैक्टर नियुक्त करने का प्रोसेस शुरू कर दिया है। मेट्रो के पहले फेज़ का काम अभी अपने आखिरी स्टेज में है। 11 जुलाई को MMRDA ने मेट्रो के दूसरे और तीसरे फेज़ के लिए टेंडर मंगाए थे, जिसमें मेट्रो वायडक्ट्स बनाना और स्टेशन से जुड़े दूसरे काम शामिल हैं। कॉन्ट्रैक्टर अपॉइंट होने के 48 महीने के अंदर पूरा काम पूरा कर लिया जाएगा।

### फेज़ 3 में कितने स्टेशन शामिल होंगे?

■ आखिर में, फेज़ 3 में, दुर्गाडी चौक से कल्याण होते हुए भोईवाड़ा और आगे उल्हासनगर तक लाइन बनाई जाएगी।

■ यह फेज़ 11.83 km लंबा होगा और इस लाइन पर चार एलिवेटेड स्टेशन शामिल होंगे। फेज़ 2 और 3 के लिए अपॉइंट किए गए कॉन्ट्रैक्टर को यह काम पूरा करने के लिए 48 महीने का समय दिया जाएगा।

## तेज रफ्तार कार डिवाइडर पर चढ़कर पलटी

**कल्याण.** कल्याण के व्यस्त दुर्गा माता चौक पर मंगलवार सुबह तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई और बीच सड़क पर पलट गई। हादसा इतना भीषण था कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन समय पर एयरबैग खुल जाने से कार में सवार दोनों लोगों की जान बच गई। कार भिवंडी से अंबिवली की ओर जा रही थी। दुर्गा माता चौक के पास चालक का वाहन से नियंत्रण छूट गया, जिससे कार डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई। हादसे के समय कार में चालक समेत दो लोग सवार थे। टक्कर के साथ ही कार के एयरबैग खुल गए, जिससे दोनों यात्रियों को गंभीर चोटें आने से बचाव हुआ।

# सांसद शिंदे से मिलने दिल्ली पहुंची महापौर अश्विनी निकम



■ शहर विकास के मुद्दों पर हुई चर्चा

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर के विभिन्न महत्वपूर्ण विकास कार्यों के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए उल्हासनगर की महापौर अश्विनी कमलेश निकम ने नई दिल्ली स्थित सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे के निवास स्थान पर उनसे मुलाकात की। उस समय उनके साथ अंबरनाथ के विधायक बालाजी किणीकर, शिवसेना जिला अध्यक्ष गोपाल लांडगे, उप जिला प्रमुख अरुण आशान, नगरसेवक दुर्गा प्रसाद दिनेश राय और शिवसेना नेता कमलेश निकम उपस्थित थे।

इस बैठक में उल्हासनगर शहर से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेष रूप से एमएमआरडीए सड़क परियोजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मिनी स्टेडियम, चालिया मंदिर और झूलेलाल मंदिर परियोजनाओं के काम में तेजी लाने के लिए आवश्यक अनुवर्ती और आगे की कार्रवाई के बारे में सकारात्मक चर्चा हुई। एमएमआरडीए के तहत उल्हासनगर क्षेत्र में बुनियादी ढांचे और परिवहन संपर्क से संबंधित परियोजनाओं को भी विशेष महत्व दिया गया। सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे ने सभी मुद्दों पर सकारात्मक उत्तर देकर ज़रूरी सहयोग देने का भरोसा दिया। इस मौके पर सभी लेवल पर तालमेल से काम करने का पक्का इरादा जताया गया ताकि उल्हासनगर के विकास को नई दिशा देने वाले ये प्रोजेक्ट जल्द ही पटरी पर आ सकें।

## उल्हासनगर राकांपा द्वारा ग्रेंड ब्लड डोनेशन कैम्प





**उल्हासनगर.** राकांपा प्रमुख व पूर्व उपमुख्यमंत्री अजीत दादा पवार की जयंती के उपलक्ष्य में उल्हासनगर राकांपा जिला द्वारा आज 22 जुलाई 2026 को सुबह 11 से शाम 5 बजे तक ग्रेंड ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन राकांपा मध्यवर्ती कार्यालय, भाटिया चौक उल्हासनगर-5 में किया गया है। जिलाध्यक्ष भारत राजवानी गंगोत्री ने रक्तदाताओं से अपील की है कि इस सर्वोत्तम दान में अपना योगदान देकर किसी की जान बचाए। इस कैम्प में राकांपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा रक्तदाताओं के लिए विशेष प्रबंध भी किया गया है।

### उल्हासनगर के लोगों के लिए हेल्थकेयर का बड़ा तोहफ़ा

# महापालिका की 4 नई एम्बुलेंस का उद्घाटन

■ बहुत कम रेट पर मिलेंगी सर्विस





**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर के लोगों की हेल्थकेयर सर्विस को और मज़बूत करने के मकसद से उल्हासनगर महानगर पालिका स्वास्थ्य विभाग की तरफ़ से मंगलवार को बड़े जोश के साथ 4 नई अत्याधुनिक एम्बुलेंस का उद्घाटन किया गया। इस पहल से शहर के लोगों को बहुत कम रेट पर, तेज़, सुरक्षित और आसान एम्बुलेंस सर्विस मिलेंगी और इमरजेंसी हेल्थकेयर सर्विस और भी बेहतर होंगी।

सांसद डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे और पूर्व विधायक पप्पू कालानी ने असल में उल्हासनगर के लोगों को चुनाव से पहले दिया गया आश्वासन स्वास्थ्य सभापति सविता तोरणे रगड़े ने पूरा किया और यह ज़रूरी सुविधा लोगों को उपलब्ध कराई।

इस उद्घाटन समारोह में महापौर अश्विनी कमलेश निकम, स्टैंडिंग कमेटी चेयरमैन कुलवंत सिंह सोहता (बिट्टू भाई), स्वास्थ्य सभापति सविता तोरणे रगड़े, गट नेता राजेश वढारिया, शिक्षण सभापति साक्षी सुर्वे, प्रभाग समिति सभापति संगीता सपकाले, वरिष्ठ नगरसेवक दिलीप गायकवाड़, जमनू पुरसवानी, महेश सुखरामानी, टोनी शिरवानी, शेरी लुंड और मनपा के कई अन्य नगरसेवक, पदाधिकारी, शिव सैनिक और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थे।

नई एम्बुलेंस सर्विस से नागरिकों को दुर्घटना, गंभीर बीमारी या दूसरी इमरजेंसी में समय पर मेडिकल मदद मिलने में बहुत मदद मिलेगी। मौजूद गणमान्य लोगों ने विश्वास जताया कि बहुत कम कीमत पर मिलने वाली यह सर्विस आम नागरिकों पर पैसे का बोझ भी कम करेगी और शहर के हेल्थ सिस्टम को और बेहतर और असरदार बनाएगी। इस मौके पर समाजसेवी शिवाजी रगड़े ने कहा कि नगर निगम उल्हासनगर के हेल्थ सिस्टम को और बेहतर बनाने के लिए लगातार कई तरह की सुविधाएं दे रहा है। प्रशासन का मुख्य मकसद लोगों को अच्छी, जल्दी और आसानी से मिलने वाली हेल्थकेयर देना है, और चार नई एम्बुलेंस आने से शहर में इमरजेंसी हेल्थकेयर सर्विस बहुत मज़बूत होंगी। इस पहल का लोगों ने स्वागत किया है और इसे शहर की हेल्थकेयर सुविधाओं को बेहतर बनाने में एक ज़रूरी कदम माना जा रहा है।

# अंबरनाथ में मटका-जुआ के कितने अड्डे?

■ नगरसेवक ने दोनों पुलिस विभाग से आरटीआई से किया जवाब तलब

■ पुलिस कशमकश में - क्या जवाब दे?

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ शहर में कितने मटका-जुए के अड्डे हैं? जनसूचना अधिकार से शहर के एक नगरसेवक विकास सोमेश्वर ने ऐसी जानकारी अंबरनाथ पुलिस स्टेशन एवं शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन से मांगी है. शायद ही आज तक ऐसी जानकारी पुलिस विभाग से किसी ने मांगी हो. उन्होंने ऐसी जानकारी इसलिए मांगी है कि उन्होंने शहर पश्चिम स्टेशन रोड के प्रीति होटल एवं जयशंकर स्वीट के पीछे बनाए गए 100-100 फुट के अवैध निर्माणों को तोड़ने की मांग महासभा में की थी. इस अवैध निर्माण में मटका-जुए का अड्डा जोर-शोर से चल रहा है. इन अवैध निर्माणों को नपा ने नोटिस दिया है, लेकिन पुलिस द्वारा किसी भी प्रकार की कार्रवाई इन जुआ अड्डों पर नहीं की गई है. इसलिए उन्होंने शहर में कितने जुए अड्डे हैं. उसकी जानकारी स्वतः पुलिस विभाग से मांगी है. अब पुलिस विभाग भी कशमकश में आ गया है कि इसका उत्तर वह क्या दे! अगर वह मटका अड्डों की संख्या बताते हैं तो बुरी तरह फंसते हैं. अगर वह ये उत्तर देते हैं कि पुलिस स्टेशन की हद में मटका जुआ नहीं चल रहा है ति पुलिस बुरी तरह फंस जाती है क्योंकि पुलिस से जनसूचना अधिकार के तहत जानकारी मांगने से पहले ही शहर पूर्व और पश्चिम में चल रहे इन मटका अड्डों का वीडियो उन्होंने निकाल रखा है. उन्होंने हमसे कहा है कि अगर विभाग ने आरटीआई से पूछे गए मटका अड्डों की संख्या का जवाब नहीं दिया तो वह ठाणे पुलिस आयुक्त से भेंट करके शहर पूर्व और पश्चिम में कितने मटका अड्डे हैं, उसकी वीडियो वह पुलिस कमिश्नर को बताएंगे.

## 152 नए 'आपले सरकार सेवा केंद्र' को मंज़ूरी

**ठाणे.** ठाणे डिस्ट्रिक्ट सेतु कमिटी की मीटिंग में 152 नए 'आपले सरकार सेवा केंद्र' को मंज़ूरी दी गई है। इन सभी ऑथराइज़्ड सेंटर की लिस्ट ठाणे डिस्ट्रिक्ट की वेबसाइट पर डाल दी गई है, और सेंटर को सिर्फ़ मंज़ूर जगहों पर ही चलाना ज़रूरी होगा। जिलाधिकारी एवं डिस्ट्रिक्ट सेतु कमिटी के चेयरमैन डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल ने साफ़ चेतावनी दी है कि जो सेंटर सरकार के नियमों और शर्तों को तोड़ेंगे उनके ख़िलाफ़ सख़्त कार्रवाई की जाएगी.

# महिलाओं से दोस्ती कर ठगने वाला गिरफ्तार

**कल्याण.** मैट्रिमोनियल वेबसाइट पर महिलाओं से दोस्ती करके और उनका भरोसा जीतकर लाखों रुपये ठगने वाले एक जालसाज को डोंबिवली की विष्णुनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है और जांच में पता चला है कि उसने इसी तरह से देश भर में कई महिलाओं को ठगा है। पुलिस ने बताया है कि आरोपी का नाम अनुज तिवारी उर्फ अनुज सिंह उर्फ अनुज त्रिवेदी है। इस जालसाज ने डोंबिवली की एक 73 साल की महिला को रिलेशनशिप में रहने का लालच देकर ठगा है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, आरोपी की जान-पहचान डोंबिवली की एक 73 साल की महिला से मैट्रिमोनियल वेबसाइट पर हुई थी। इसके बाद उसने उसे लिव-इन रिलेशनशिप में रहने का लालच देकर उसका भरोसा जीत लिया। उसने अलग-अलग कारण बताकर महिला से 57 लाख रुपये ऐंठ लिए। इस फाइनेंशियल फ्रॉड की वजह से संबंधित बुजुर्ग महिला को भारी फाइनेंशियल नुकसान हुआ है और यह भी पता चला है कि उसे ओल्ड एज होम जाना पड़ रहा है। आरोपी के दिल्ली में गिरफ्तार होने के बाद पता चला है कि उसने इसी तरह से देश भर में कई महिलाओं को ठगा है।






# उल्हासनगर में जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए दिक्कतें

■ MNS की डिप्टी डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट से बड़ी मांग

■ 8-9 हजार आवेदन लंबित



**उल्हासनगर.** सरकार के नए नियमों की वजह से लोगों को बर्थ और डेथ सर्टिफिकेट लेने में काफी दिक्कतें आ रही हैं, इसलिए MNS ने डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट से मिलकर इस समस्या का हल निकालने की मांग की है। MNS के बंडू देशमुख ने बताया है कि पेंडिंग एप्लीकेशन की संख्या बढ़कर 8 से 9 हजार हो गई है।

बर्थ और डेथ सर्टिफिकेट उल्हासनगर म्युनिसिपल हेल्थ डिपार्टमेंट से मिलते हैं। लेकिन, अगर एप्लीकेशन 30 दिन बाद मिलती है, तो नए नियमों के मुताबिक, इन एप्लीकेशन को अप्रूवल के लिए डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर ऑफिस भेजा जाता है, जिससे देरी होती है। पूरे ठाणे जिले की सभी म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन और म्युनिसिपैलिटी से हजारों एप्लीकेशन एक ही जगह पर आने की वजह से चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है कि डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर ऑफिस में 8 से 9 हजार एप्लीकेशन पेंडिंग हैं, MNS के बंडू देशमुख ने बताया। इससे परेशान नागरिकों को राहत देने के लिए MNS के जिला अध्यक्ष बंडू देशमुख ने आज रेजिडेंट डिप्टी डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर संदीप माने से मुलाकात की और इस मुद्दे का तुरंत समाधान करने की मांग की। इस डेलीगेशन में ज़िला अध्यक्ष बंडू देशमुख के साथ MNS के शहर ऑर्गेनाइज़र अशोक गरद, सुहास बंसोड़े, राहुल राणे, नटवर वसीटा और दूसरे पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

### एक 'ID-पासवर्ड' के कारण देरी

जिला कलेक्टर ऑफिस के पास पूरे जिले के आवेदनों को मंजूरी देने के लिए केवल एक सरकारी ID और पासवर्ड है। इस एक ID से आवेदन की प्रक्रिया पूरी करने में कम से कम 15 से 20 मिनट लगते हैं। अक्सर सर्वर डाउन होने पर एप्लीकेशन के लिए एक घंटे तक इंतज़ार करना पड़ता है। इस टेक्निकल प्रॉब्लम की वजह से काम की रफ़्तार धीमी हो गई है और एप्लीकेशन का पहाड़ जमा हो गया है। ऐसा देशमुख का कहना है।

### नए नियमों का करारा झटका

सरकार के नए आदेश के अनुसार, अगर जन्म या मृत्यु की तारीख से 21 दिनों के अंदर आवेदन किया जाता है, तो संबंधित नगर निगम या नगर पालिका स्तर से सर्टिफिकेट मिल जाता है। नगर पालिकाओं के संबंधित सीनियर अधिकारी अपने अधिकार क्षेत्र में 21 से 30 दिनों के अंदर यह सर्टिफिकेट जारी कर सकते हैं। हालांकि, 30 दिनों के बाद मिले आवेदन सीधे जिला कलेक्टर ऑफिस में मंजूरी के लिए भेजे जाते हैं। ठाणे जिले में नगर निगमों, नगर पालिकाओं और स्थानीय स्व-सरकारी निकायों की बड़ी संख्या को देखते हुए, इस प्रक्रिया से सर्टिफिकेट मिलने में बहुत देरी हो रही है और नागरिकों को बेवजह मानसिक परेशानी उठानी पड़ रही है।

### अलग ID-पासवर्ड की मांग

इस गंभीर प्रॉब्लम का हल निकालने के लिए MNS के ज़िला अध्यक्ष बंडू देशमुख ने रेजिडेंट डिप्टी कलेक्टर संदीप माने से मिलकर इस पर डिटेल में चर्चा की। देशमुख ने एडमिनिस्ट्रेशन से रिक्वेस्ट की कि वह हर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन और म्युनिसिपैलिटी के लिए सरकार से अलग ID और पासवर्ड की मांग करे। अगर हर लोकल सेल्फ-गवर्नमेंट बॉडी के लिए अलग ID-पासवर्ड मिल जाए, तो उस इलाके के एप्लीकेशन को तेज़ी से प्रोसेस करना मुमकिन होगा। इससे डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर ऑफिस पर प्रेशर कम होगा और लोगों को समय पर सर्टिफिकेट मिलेंगे और वे मानसिक परेशानी से बचेंगे, ऐसा MNS ने कहा।

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास

संपादकीय

## गरीब मरीजों की अनदेखी कब तक?

अमेरिका के न्यू जर्सी में स्पेन और अर्जेंटीना के बीच खेले गए फीफा के फाइनल मैच के साथ ही इस वर्ष का अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल आयोजन अपने पीछे खट्टी-मीठी यादें छोड़ गया है। फाइनल में स्पेन ने मैदान में शानदार प्रदर्शन करते हुए अर्जेंटीना को अतिरिक्त समय में एक गोल से हराया और फीफा विश्व कप 2026 अपने नाम कर लिया।

इसमें कोई संदेह नहीं कि स्पेन और अर्जेंटीना ने अपना पूरा दम लगाकर एक-दूसरे से मुकाबला किया। निर्धारित समय में कोई फैसला नहीं हो सका, तो इसका मतलब यही है कि मैदान में दो बराबर क्षमता की टीमें थीं और यह तय होना मुश्किल था कि कौन दूसरे पर भारी पड़ेगा।

मगर अतिरिक्त समय में आखिर स्पेन ने बाजी झटककर यह साबित किया कि एक बार फिर वह फिलहाल सर्वश्रेष्ठ टीम है। हालांकि स्पेन ने दबदबा जरूर बनाए रखा, लेकिन अर्जेंटीना ने अपनी ओर से कोई कसर नहीं छोड़ी। निश्चित तौर पर फुटबॉल से प्रेम करने वालों को लियोनेल मेस्सी के चमत्कारिक खेल की उम्मीद रही होगी, लेकिन फाइनल सहित पिछले कई मैचों में उनकी चमक फीकी ही रही।

दरअसल, एक खिलाड़ी की क्षमता पर ज्यादा निर्भरता किसी भी टीम के बाकी मोर्चे को सुरक्षात्मक बना दे सकती है। अर्जेंटीना के साथ शायद ऐसा ही हुआ। दूसरी ओर, स्पेन के सभी खिलाड़ियों ने पूरे मैदान में हर स्तर पर अपनी ठोस मौजूदगी का एहसास कराया और वैश्विक खिताब अपने नाम किया। जाहिर है, जिस अर्जेंटीना से वैश्विक फुटबॉल प्रेमियों को किसी चमत्कार की आस रही होगी, अब उसकी टीम की उम्मीदें अगले आयोजन तक के लिए आगे खिसक गईं। यह किसी भी खेल प्रतियोगिता का एक सामान्य और स्वाभाविक चक्र है।

मगर अफसोस की बात है कि फीफा के मैचों में जिस तरह लगातार कई विवाद सामने आए, उसने दुनिया भर के खेलप्रेमियों को निराश किया। कुछ मैचों के दौरान कई मौकों पर खिलाड़ियों ने जिस तरह नियमों को तोड़ने की कोशिश की, कई खिलाड़ियों के बीच अप्रिय टकराव की स्थिति देखी गई और रेफरी की भूमिका पर सवाल उठे, उससे प्रतियोगिता के नियम-कायदे और उन पर सख्ती से अमल को लेकर भी सवाल खड़े हुए हैं।

विमर्श

# और सुगम होगी छोटे उद्यमों की राह

सरकार संसद के इसी सत्र में 'सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) विकास (संशोधन) विधेयक 2026' लाने जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य देश के एमएसएमई के लिए बदलते वैश्विक आर्थिक परिदृश्य के अनुरूप नीतियों और नियमों को कारगर बनाना है। इसके साथ ही कारोबारी सुगमता को बढ़ाना, लंबित भुगतानों से निपटने के लिए तंत्र को मजबूत करना और एमएसएमई क्षेत्र के लिए मध्यस्थता के फैसलों को प्रभावी ढंग से लागू करना है। राज्य अधिक से अधिक 'सूक्ष्म और लघु उद्यम सुविधा परिषद' (एमएसईएफसी) गठित कर सकें, इसके लिए विधेयक में अनुकूल प्रविधान किए गए हैं।

देश के आर्थिक ढांचे में एमएसएमई का योगदान महत्वपूर्ण है। आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के मुताबिक देश में पंजीकृत एमएसएमई की संख्या 7.86 करोड़ से अधिक है। ये उद्योग देश के दूर-दराज के कस्बों और छोटे शहरों में फैले हुए हैं, जिससे देश का संतुलित क्षेत्रीय विकास संभव हो पा रहा है। कृषि के बाद यह क्षेत्र भारत में आजीविका का दूसरा सबसे बड़ा आधार है। भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश में, जहां हर साल लाखों नए युवा रोजगार की तलाश करते हैं, वहां बड़े उद्योगों की तुलना में ये छोटे उद्योग बहुत कम पूंजी में अधिक से अधिक लोगों को रोजगार देने की क्षमता रखते हैं।

इस क्षेत्र के माध्यम से देश में लगभग 32.82 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार मिला हुआ है। देश के सकल घरेलू उत्पाद



(जीडीपी) में इन उद्योगों की हिस्सेदारी लगभग 31.1 प्रतिशत है। इसका सीधा अर्थ यह है कि देश की कुल कमाई का लगभग एक-तिहाई हिस्सा इन छोटे कारखानों, दुकानों और स्थानीय निर्माण इकाइयों से आता है। कुल विनिर्माण में इन उद्योगों की भागीदारी करीब 35.4 प्रतिशत तो निर्यात में योगदान लगभग 48.58 प्रतिशत है। हमारे हस्तशिल्प, वस्त्र, चमड़े के सामान और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ जैसी वस्तुएं इन्हीं उद्योगों के जरिये दुनिया भर में जा रही हैं।

देश के विकास में अभूतपूर्व योगदान होने के बावजूद इन छोटे उद्योगों को चलाने वाले उद्यमियों को कई कठिन परिस्थितियों से जूझना पड़ता है। इनमें कार्यशील पूंजी और कोष की किल्लत प्रमुख है। छोटे उद्यमियों के पास सीमित परिसंपत्तियां होती हैं। बैंकों से ऋण लेते समय उन्हें लंबी और जटिल प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है, जिससे समय पर पूंजी न मिलने के कारण कई बार उद्योग बंद होने की कगार पर पहुंच जाते हैं। फंसा हुआ पैसा और भुगतान में देरी भी इस क्षेत्र की गंभीर समस्या है। जब छोटे उद्योग बड़ी कंपनियों या सरकारी विभागों को माल की आपूर्ति करते हैं तो उन्हें समय पर भुगतान नहीं मिलता।

नकदी के अभाव में वे न तो कच्चा माल खरीद पाते हैं और न ही कर्मचारियों को वेतन दे पाते हैं। इसके अलावा बड़ी संख्या में एमएसएमई जटिल कानूनी अड़चनों और मुकदमों के डर का सामना करते हैं। अनजाने में बहीखाते, कर दाखिल करने या किसी प्रशासनिक नियम के पालन में छोटी-मोटी चूक होने पर भी उद्यमियों को कानूनी कार्रवाई का डर सताता रहता है, जिससे वे खुलकर काम नहीं कर पाते। एमएसएमई के समक्ष आधुनिक तकनीक और बाजार की प्रतिस्पर्धा भी एक बड़ी समस्या है।

वर्तमान दौर कंप्यूटर, आटोमेशन और एआइ का है। बड़ी कंपनियों के पास इन तकनीकों के लिए पर्याप्त वित्तीय प्रविधान होता है, जबकि छोटा उद्यमी महंगी तकनीक अपनाने में असमर्थ रहता है। इससे उनकी उत्पादन लागत बढ़ जाती है और वे बाजार में प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाते। इन सभी चुनौतियों के मद्देनजर 'एमएसएमई विकास (संशोधन) विधेयक, 2026' एक दूरगामी कदम है। पुराने नियमों में एमएसएमई की परिभाषा संकुचित थी। कारोबार या निवेश बढ़ते ही उद्योग इस श्रेणी से बाहर हो जाते थे और सरकारी लाभ बंद हो जाते थे।

नए संशोधन में निवेश और कारोबार की सीमाओं को क्रमशः 2.5 गुना और दोगुना तक बढ़ा दिया गया है। इससे उद्यमी बिना किसी डर के अपने व्यापार का विस्तार कर सकेंगे। भुगतान में देरी से निपटने के लिए एक आधिकारिक आनलाइन विवाद निवारण प्रणाली और डिजिटल मध्यस्थता तंत्र को कानूनी ढांचा दिया जा रहा है।



केवल आध्यात्मिक प्राप्ति ही स्थाई उपलब्धि है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# नीट विवाद से बढ़ी टकराव की राजनीति

दिल्ली के जंतर-मंतर पर नीट परीक्षा में हुई गड़बड़ी के मुद्दे पर शुरू हुआ आंदोलन सोमवार को जिस रूप में पहुंच गया, उससे बचने के लिए अगर सिर्फ बातचीत का रास्ता अख्तियार किया गया होता, तो शायद यह नौबत नहीं आती। दरअसल, काकरोच जनता पार्टी ने सरकार से तीन मुख्य मांगों के साथ 'चलो संसद' का आह्वान किया था। वहां बड़ी संख्या में जमा हुए युवाओं को रोकने के लिए पुलिस और सुरक्षा बलों ने आंसू गैस के गोले दागे, बल प्रयोग किया, जिसमें कई युवाओं के घायल होने की खबर आई।

इस रुख ने एक बार फिर देश की लोकतांत्रिक परंपरा और सरकार की नीतियों पर सवाल उठाने के नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों पर चोट ही पहुंचाई है। संभव है कि इस तरह की सख्ती के जरिए आंदोलनकारियों की आवाज को फिलहाल शांत कर दिया जाए, लेकिन क्या इससे वे सवाल खत्म हो जाएंगे, जिन्हें लेकर युवाओं के सामने सड़क पर उतरने की नौबत आई? अगर सरकार की मंशा आंदोलनकारियों के मुद्दों को हंगामे के शोर में दफ्न करना नहीं है, तो क्या इसके लिए वक्त पर संवाद की पहल नहीं की जानी चाहिए थी?

इससे पहले शनिवार को इसी मुद्दे पर भूख हड़ताल कर रहे पर्यावरण




कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को जंतर-मंतर से पुलिस जिस तरीके से उठाकर ले गई थी, उस पर भी सवाल उठे थे। मगर उसके बाद भी सरकार ने अपनी ओर से आंदोलनकारी युवाओं की मांगों पर विचार करना या उन पर बातचीत करना जरूरी नहीं समझा।

'चलो संसद' के आह्वान के बाद एक तरह से पहले से ही सब कुछ बिल्कुल स्पष्ट था कि सोमवार को जंतर-मंतर पर होने वाला प्रदर्शन ज्यादा जटिल स्वरूप भी अख्तियार कर सकता है। सरकार ने उन्हें रोकने के लिए जिस शिद्दत से पुलिस बल को खुला छोड़ दिया, जो निर्देश दिए, क्या उतनी ही संजीदगी से आंदोलनकारी युवाओं से बातचीत के जरिए मसले का हल निकालने की कोशिश नहीं की जा सकती थी?

हालांकि हंगामे के बाद केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा से काकरोच जनता पार्टी के प्रतिनिधियों की मुलाकात हुई और उन्होंने अपनी मांगों से संबंधित एक पत्र उन्हें सौंपा, मगर यह समझना मुश्किल है कि आखिर सरकार ने किन वजहों से इस संदर्भ में शुरू से ही उदासीनता और उपेक्षा का रुख अपनाए रखा।

गौरतलब है कि आंदोलनकारियों की ओर से मुख्य रूप से तीन मांगें की जा रही हैं। इसमें सोनम वांगचुक को अस्पताल से छुट्टी देने और उन पर कोई कार्रवाई न करने, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा या उन्हें बर्खास्त करने तथा नीट 2026 प्रश्नपत्र लीक होने के बाद आत्महत्या करने वाले विद्यार्थियों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपए मुआवजा देने की मांग शामिल है। ये ऐसी मांगें हैं, जिन पर संवेदनशीलता और सकारात्मक दृष्टि के साथ विचार करना एक लोकतांत्रिक सरकार के लिए जिम्मेदारी का भी मामला होना चाहिए। विडंबना यह है कि जब शांतिपूर्ण आंदोलन का दायरा फैलने लगा और उसके सवाल तूल पकड़ने लगे, तब भी सरकार को इस समूचे मुद्दे पर परिपक्व प्रतिक्रिया देना जरूरी नहीं लगा।

लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन नागरिकों का संवैधानिक अधिकार है और आंदोलनकारियों की बात सुनना तथा उनसे संवाद करना सरकार का लोकतांत्रिक दायित्व है।

# हवा में उड़ते ही मच्छरों पर होगा 'मिसाइल'

गर्मी का मौसम आते ही या बारिश के दिनों में मच्छरों का आतंक पूरी दुनिया में एक गंभीर समस्या बन जाता है.

### जरा हट के

डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी जानलेवा बीमारियों से बचने के लिए इंसान दशकों से जहरीले कीटनाशकों, मॉस्किटो कॉइल और केमिकल्स का इस्तेमाल करता आ रहा है. लेकिन ये केमिकल जितने मच्छरों के लिए खतरनाक होते हैं, उतने ही इंसानी सेहत और पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचाते हैं. अब इस दशकों पुरानी समस्या का एक बेहद हाई-टेक और अनोखा तोड़ अमरीकी इंजीनियर्स ने ढूंढ निकाला है. एक अमरीकी टेक स्टार्टअप ने ऐसे माइक्रो-ड्रोन विकसित किए हैं, जो हवा में उड़ते हुए मच्छरों और अन्य कीड़ों को ढूंढकर मिसाइल अटैक की तरह सीधे उन्हें मार गिराने में सक्षम है. अमेरिका के प्रसिद्ध स्टार्टअप एक्सीलेटर वाई कॉम्बिनेटर के सपोर्ट से चल रहे



टॉर्नयोल (Tornyol) नाम के इस स्टार्टअप के इंजीनियर्स ने इस एआई-संचालित माइक्रो-ड्रोन को तैयार किया है, जो मच्छरों के खात्मे की लागत को 100 गुना तक कम कर सकता है. इस स्टार्टअप का मुख्य विजन यह है कि भविष्य में जहरीले रसायनों और महंगे साधनों की जगह इन छोटे ड्रोनों के झुंड को शहरों में उड़ाया जाए, जो इंसानों को नुकसान पहुंचाए बिना मच्छरों का चुन-चुनकर हवा में ही शिकार कर सकें.

हाल ही में टॉर्नयोल के सह-संस्थापक एलेक्स टौसेंट ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया, जिसे उन्होंने कंपनी का पहला एयर-टू-एयर किल करार दिया है. इस वीडियो में एक बेहद छोटा ड्रोन एक बंद टेस्टिंग एरिया में एक पतंगे का पीछा करता हुआ दिखाई देता है और अंत में उस पर सटीक निशाना साधकर उसे हवा में ही मार गिराता है. हालांकि, परीक्षण के दौरान मारा गया जीव मच्छर नहीं, बल्कि एक पतंगा था और टेस्टिंग एरिया भी काफी छोटा था, लेकिन वैज्ञानिकों और टेक एक्सपर्ट्स का मानना है कि यह तकनीक हवा में उड़ते छोटे कीड़ों की पहचान करने और उन्हें खत्म करने की दिशा में एक बहुत बड़ी कामयाबी है.




# बेसन चीला

**सामग्री :**

मेहमानों के लिए कम समय में जल्दी नाश्ता तैयार करना चाहते हैं, तो आप घर पर रहकर बेसन चीला बना सकते हैं, बेसन चीला बनाने के लिए आपको कुछ सामग्री लगेगी, जैसे एक कप बेसन, एक कप पानी, एक बड़ा प्याज बारीक कटा हुआ, दो हरी मिर्च बारीक कटी हुई, आधा चम्मच अदरक लहसुन पेस्ट, एक चम्मच हल्दी पाउडर, एक चम्मच लाल मिर्च पाउडर, एक चम्मच धनिया, एक चम्मच गरम मसाला, स्वादानुसार नमक, बारीक कटा हुआ धनिया और तेल. इन सभी सामग्री का इस्तेमाल कर आप मेहमानों के लिए टेस्टी नाश्ता तैयार कर सकते हैं.

**विधि :**

बेसन चीला बनाने के लिए एक बाउल में बेसन लें. इसमें प्याज, हरी मिर्च, अदरक, हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, नमक, गरम मसाला सहित स्वाद अनुसार दूसरे मसाले जो आपको पसंद हो उन्हें डालकर पानी की मदद से घोल



तैयार कर लें. इसे थोड़ी देर रख दें, अब एक नॉन स्टिक तवे को गैस पर गर्म करें, जब दवा अच्छे तरीके से गर्म हो जाए, तब इस पर थोड़ा तेल डाल दें. अब एक चम्मच की मदद से घोल को तवे पर फैला दें और थोड़ी देर सेकने दे. जब चीला हल्का सुनहरा हो जाए, तो इसे पलट दें और दोनों तरफ तेल लगा दें. जब यह दोनों तरफ से हल्का सुनहरा होने लगे, तो इसे अच्छी तरह सेक लें. अब आप इसे एक प्लेट में निकालकर ऊपर से हरा धनिया डालकर चटनी या दही के साथ मेहमानों को गरमा गरम परोस सकते हैं. यह रेसिपी बनाने में बहुत आसान और कम समय में तैयार होने वाली रेसिपी है. आप अगर चाहे तो इस घोल में अपनी पसंद की सब्जियां मिला सकते हैं. आपको अगर मीठा खाना पसंद है, तो आप इस घोल में चीनी डाल सकते हैं. आप चाहे तो इसमें नींबू का रस भी मिला सकते हैं, इससे यह और स्वादिष्ट लगेगा. चिले को क्रिस्पी बनाने के लिए आपको कम आंच पर थोड़ी देर तक चिले को सेकते रहना होगा.

# देर रात तक जागने-खाने से बिगाड़ता है मेटाबॉलिज्म

### शरीर में होने लगते हैं गंभीर बदलाव

आजकल रात-रात भर जागना हमारी दिनचर्या का एक आम हिस्सा बन गया है। हम सभी यह सुनते आए हैं कि देर रात तक जागना सेहत के लिए अच्छा नहीं है, फिर भी हम अक्सर इसके दुष्प्रभावों को नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन हाल ही में हुए एक नए शोध ने इस आदत को लेकर खतरे की घंटी बजा दी है। अगर आपको भी देर रात तक जागने और कुछ न कुछ खाते रहने की आदत है, तो यह खबर आपके लिए बहुत जरूरी है।

### क्या कहता है नया शोध?

'फ्रंटियर्स इन न्यूट्रिशन' जर्नल में हाल ही में एक शोध प्रकाशित हुआ है। इस स्टडी में यह साफ तौर पर सामने आया है कि जो लोग रात में देर तक जागते हैं और उस दौरान अधिक एनर्जी, कार्बोहाइड्रेट और फैट वाली चीजें खाते हैं, उनके शरीर में गंभीर बदलाव आ सकते हैं।

ऐसे लोगों में नीचे बताई गई परेशानियां देखने को मिल सकती हैं:

- शरीर में फैट का कुल प्रतिशत बढ़ना
- पेट की चर्बी में इजाफा
- ब्लड शुगर के स्तर का बढ़ना
- लिपिड लेवल का अधिक होना

### समय का है सारा खेल

इस रिसर्च को ग्रिफिथ यूनिवर्सिटी के 'स्कूल ऑफ एलाइड हेल्थ, स्पोर्ट एंड सोशल वर्क' की शोधकर्ता रोजेन क्रूगर ने लीड किया है। उनका कहना है कि हमारे शरीर की बायोलॉजिकल क्लॉक हमारी खाने की पसंद, हमारे व्यवहार और मेटाबॉलिज्म पर बहुत



गहरा असर डालती है।

अध्ययन में एक दिलचस्प बात यह भी सामने आई कि सुबह जल्दी उठने वाले लोग और देर रात तक जागने वाले लोग- दोनों ही दिनभर में लगभग एक जैसी ही मात्रा में खाना या एनर्जी लेते हैं। यानी, दोनों की खुराक में बहुत अंतर नहीं होता। असल समस्या यह है कि आप किस समय खा रहे हैं। सही समय पर भोजन न करना ही इस पूरी समस्या की असली जड़ है।

### महिलाओं पर की गई खास स्टडी

इस नतीजे तक पहुंचने के लिए शोधकर्ताओं ने 18 से 45 साल की उम्र की 287 महिलाओं को अपने अध्ययन में शामिल किया था। इस दौरान महिलाओं के खान-पान की आदतों को बारीकी से देखा गया, जिसमें कई हैरान करने वाले पैटर्न सामने आए:

**सुबह कम आहार:** जो महिलाएं देर रात तक जागती थीं, उनमें सुबह के वक्त कम एनर्जी और कम प्रोटीन वाला भोजन लेने की संभावना काफी ज्यादा देखी गई।

**रात में अनहेल्दी खान-पान:** सुबह कम खाने की भरपाई ये महिलाएं अक्सर रात में करती थीं। वे देर रात में ज्यादा एनर्जी, अधिक कार्बोहाइड्रेट और फैट से भरपूर चीजें खाती पाई गईं।

**पोषक तत्वों की कमी:** शाम और रात के समय ज्यादा एक्टिव रहने वाली महिलाओं ने उन महिलाओं (जो सुबह या दिन के बीच में एक्टिव रहती हैं) की तुलना में कम माइक्रोन्यूट्रिएंट और कम एनर्जी वाले खाद्य पदार्थों का सेवन किया।

कुल मिलाकर, यह अध्ययन हमें स्पष्ट रूप से चेतावनी देता है कि सिर्फ यह मायने नहीं रखता कि हम कितना खा रहे हैं, बल्कि यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि हम 'कब' खा रहे हैं। देर रात की आदतें और उस वक्त का खान-पान हमारे शरीर के मेटाबॉलिज्म को सीधे तौर पर प्रभावित करता है।

## आज का राशिफल

**मेष** : दूर यात्रा की योजना बन सकती है। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता अर्जित करेगा। पठन-पाठन में मन लगेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। बेचैनी रहेगी। धनार्जन सुगम होगा।

**वृषभ** : प्रतिद्वंद्विता बढ़ेगी। पारिवारिक चिंता में वृद्धि होगी। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलेगी। तनाव रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी के व्यवहार से क्लेश हो सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। दु:खद समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**मिथुन** : प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आय के स्रोतों में वृद्धि हो सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। चोट व रोग से बाधा संभव है। फालतू खर्च होगा। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें। शत्रु नतमस्तक होंगे। विवाद को बढ़ावा न दें।

**कर्क** : शुभ समाचार मिलेंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार के साथ मनोरंजन का कार्यक्रम बन सकता है। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। लेन-देन में सावधानी रखें। परिवार में तनाव रह सकता है।

**सिंह** : आय में वृद्धि होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कोई बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है।

**कन्या** : घर-बाहर सहयोग मिलेगा। अपेक्षाकृत कार्यों समय पर संपन्न होंगे। आय में वृद्धि हो सकती है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। किसी विवाद में उलझ सकते हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जोखिम न उठाएं।

**तुला** : व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में लाभ होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। बेचैनी रहेगी। थकान महसूस होगी। वरिष्ठजन सहयोग करेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**वृश्चिक** : सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। कारोबारी अनुबंधों में वृद्धि हो सकती है। समय का लाभ लें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। कानूनी बाधा आ सकती है। विवाद न करें। नई आर्थिक नीति बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा।

**धनु** : कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल होंगे। पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। सुख के साधनों पर व्यय हो सकता है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। प्रमाद न करें। बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें। काम का विरोध होगा।

**मकर** : कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। राज्य के प्रतिनिधि सहयोग करेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद से क्लेश संभव है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। कार्यों में अप्रत्याशित बाधा आ सकती है।

**कुंभ** : व्यवसाय ठीक चलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च हो सकता है। जल्दबाजी न करें। कष्ट, भय, चिंता व बेचैनी का वातावरण बन सकता है। कोर्ट के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। मातहतों से संबंध सुधरेंगे।

**मीन** : भूमि, भवन, दुकान व फैक्टरी आदि के खरीदने की योजना बनेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। अपरिचितों पर अतिविश्वास न करें। प्रमाद न करें। कुबुद्धि हावी रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# एग्जॉस्ट फैन के जिद्दी चिपचिपे दाग हटाइए?

### ट्राई करें ये तरीके, मिलेगी नई जैसी चमक



आज हम आपके लिए कुछ ऐसे ही देसी नुस्खे लाये हैं, जिनकी मदद से आप आसानी से अपने एग्जॉस्ट फैन को चमका सकते हैं. इन नुस्खों में इस्तेमाल होने वाली सामग्री आसानी से आपको घर में ही उपलब्ध होती है, और ये पर्यावरण के लिए भी हानिकारक नहीं है. तो देर किस बात की, आइए जानते हैं इन देसी नुस्खों के बारे में और अपने एग्जॉस्ट फैन को दें एकदम नई जैसी चमक.

### सामग्री

- सोडियम बाइकार्बोनेट (बेकिंग सोडा) – 2 बड़े चम्मच
- गर्म पानी – 1 कप
- लिक्विड डिटर्जेंट – 1 बड़ा चम्मच
- स्पंज या कपड़ा

### विधि

सबसे पहले, एग्जॉस्ट फैन को बंद कर दें और बिजली का प्लग भी निकाल लें. अब एक बर्तन में गर्म पानी लें और उसमें सोडियम बाइकार्बोनेट और लिक्विड डिटर्जेंट मिलाएं. इस घोल में स्पंज या कपड़े को भिगोकर अच्छी तरह से निचोड़ लें. फिर गीले स्पंज या कपड़े से एग्जॉस्ट फैन के ब्लेड और फिल्टर को अच्छी तरह से पोंछ लें. अब चिपचिपे दागों पर थोड़ा सा घोल डालकर कुछ देर के लिए छोड़ दें. कुछ देर बाद, स्पंज या कपड़े से दागों को रगड़कर साफ कर लें. अंत में, एग्जॉस्ट फैन को साफ पानी से धोकर सूखे कपड़े से पोंछ लें.

### जरूरी टिप्स

1. अगर चिपचिपा दाग बहुत ज्यादा है, तो आप घोल में थोड़ा सा सिरका भी मिला सकते हैं.
2. एग्जॉस्ट फैन को नियमित रूप से साफ करें ताकि चिपचिपे दाग जमने न पाएं.
3. एग्जॉस्ट फैन को साफ करते समय हमेशा सावधानी बरतें और बिजली का प्लग निकालकर रखें.
4. इस देसी नुस्खे की मदद से आप आसानी से एग्जॉस्ट फैन से चिपचिपे दाग हटा सकते हैं और इसे नया जैसा चमकदार बना सकते हैं.

# संजीवनी बूटी से कम नहीं चमेली का फूल



चमेली का फूल बगीचे और घर में खुशबू फैलाने के लिए जाना जाता है. चमेली के फूल जितना खूबसूरत होता है, उतना ही सुगंधित भी होता है. इसके फूलों से इत्र और तेल भी बनाया जाता है. लेकिन क्या आप को पता है कि चमेली एक जड़ी-बूटी भी है और चमेली के पौधे में कई सारे औषधीय गुण भी हैं. पूर्व आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ. आशुतोष पंत ने बताया कि इसकी खुशबू दिमाग को शक्तिशाली बनाती है और मानसिक तनाव को कम करती है. इन फूलों का इस्तेमाल कई आयुर्वेदिक दवाइयों को तैयार करने के लिए भी किया जाता है. साथ ही इससे कई तरह की चीजें जैसे- तेल, परफ्यूम, साबुन, फेसपैक इत्यादि भी बनाए जाते हैं.

### अनिद्रा को दूर करता है फूल

चमेली का विभिन्न तरीकों से इस्तेमाल करके मानसिक तनाव को कम किया जा सकता है. यह तनावग्रस्त तंत्रिका तंत्र को शांत कर मन को शांत करता है. इसमें कुछ ऐसे केमिकल मौजूद होते हैं, जो तंत्रिका तंत्र को आराम देते हैं. इसके इस्तेमाल से अनिद्रा दूर होती है और अच्छी नींद आती है.

### चोट व घाव को ठीक करने में है कारगर

चमेली के तेल का इस्तेमाल एंटीसेप्टिक के तौर पर भी किया जाता है. किसी तरह की चोट या घाव हो जाए तो रूई को चमेली के तेल में डुबोकर चोट पर लगाएं. इससे दर्द कम होने के साथ घाव भी तेजी से भरता है.

### मुंह में छालों की समस्या होती है दूर

मुंह में छाले होने पर इसकी पत्तियों को धोकर धीरे-धीरे चबाएं. इससे आपके मुंह में हो रहे छाले जल्द सही हो जाएंगे. चमेली के पत्तियों से निकलने वाला रस छालों को खत्म करता है.

### पाचन को रखे स्वस्थ

पाचन संबंधी परेशानियों को दूर करने के लिए भी चमेली का इस्तेमाल किया जा सकता है. चमेली में एंटी-ऑक्सीडेंट भरपूर रूप से मौजूद होता है, जो शरीर के लिए बेहद जरूरी है. एंटी- ऑक्सीडेंट की मदद से आंत की क्रिया को बेहतर किया जा सकता है. साथ ही यह गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल एंजाइमों के लिए अच्छा माना जाता है.

### डिप्रेशन और चिंता को करे दूर

चमेली का इस्तेमाल करने से डिप्रेशन और चिंता को दूर किया जा सकता है. इससे आने वाली खुशबू आपके मूड को बेहतर करती है. अरोमाथेरेपी में इसके तेल का इस्तेमाल कर ब्लड सर्कुलेशन, सांस लेने में परेशानी, ब्लड प्रेशर को दूर किया जा सकता है.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### लखनऊ में नाबालिग को कार में खींच ले गए दबंग, कमरे में बंद कर किया गैंगरेप

**लखनऊ.** लखनऊ से मानवता को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां अलीगंज इलाके में सोमवार देर शाम कार सवार तीन युवकों ने 16 वर्षीय किशोरी के अपहरण कर लिए। त्रिवेणीनगर में एक कमरे में ले गए और गैंगरेप किया। किशोरी ने आरोप लगाते हुए दो नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ पॉक्सो, अपहरण और गैंगरेप की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर अलीगंज ध्रुव कुमार सिंह के मुताबिक किशोरी अलीगंज इलाके की रहने वाली है। उसका आरोप है कि सोमवार शाम वह मार्केट जा रही थी। इस बीच बंधा रोड ढाल के पास से कार सवार छोटू उर्फ जतिन, दीपक व एक अन्य ने कार में खींच लिया। शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी दी। त्रिवेणी नगर स्थित एक मकान में ले गए। वहां तीनो ने गैंगरेप किया। किसी तरह वह उनके चंगुल से छूटकर घर पहुंची। परिवारीजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद थाने पहुंचकर तहरीर दी।

### मौसेरे भाई के इश्क में शादीशुदा गर्लफ्रेंड ने कर डाला कांड, अपने ही घर में करवा दी चोरी

**गोंडा.** उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक शादीशुदा महिला ने अपने मौसेरे भाई के साथ प्रेम संबंध के चलते अपने ही घर में चोरी की साजिश रच डाली। घटना की सूचना मिलने के कुछ ही घंटों के भीतर पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और चोरी का पूरा सामान बरामद कर लिया। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों के पास से 50 हजार रुपये नकद, 19.610 ग्राम सोने के आभूषण और 1.585 किलोग्राम चांदी के जेवर बरामद किए गए हैं। सीओ सिटी योगेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गई है। मामला खरगूपुर थाना क्षेत्र के विशुनापुर बाजार का है। यहां के निवासी लवकुश कसौंधन ने सोमवार को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि रविवार रात उनके घर में चोरी हुई है और नकदी व जेवरात गायब हैं।

# प्रधानमंत्री आवास के पास राहुल-प्रियंका धरने पर बैठे

- कहा- प्रधानमंत्री इस्तीफा दें
- पुलिस फोर्स पहुंची
- कई कांग्रेसी नेता हिरासत में लिए गए



**नई दिल्ली.** कॉकरोच जनता पार्टी का जंतर-मंतर पर मंगलवार को 32वें दिन प्रदर्शन जारी है। इस बीच कांग्रेस भी धर्मेंद्र प्रधान और प्रधानमंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर पीएम आवास के पास धरना दे रही है। राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे समेत कई कांग्रेसी नारेबाजी कर रहे हैं। हालांकि यह सिक्योरिटी सेंसेटिव जोन है, यहां प्रदर्शन की परमिशन नहीं होती है। इसलिए पुलिस फोर्स कांग्रेसियों को हटाने पहुंच गई है। लेकिन कांग्रेसियों ने अपने हाथ बांध लिए। कांग्रेस ने इस प्रदर्शन के लिए बहुत गुपचुप ढंग से तैयारी की थी। इसकी खबर किसी को भी नहीं दी गई।

इधर, अचानक हुए इस प्रदर्शन को लेकर हरकत में आई पुलिस ने चरणजीत सिंह चन्नी समेत कई कांग्रेसी नेताओं को हिरासत में ले लिया है। इससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को सोनम वांगचुक को सफदरजंग अस्पताल से मेदांता शिफ्ट करने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि मेदांता उनके इलाज के लिए डॉक्टरों का एक पैनल बनाएगा। कोर्ट ने यह आदेश उनकी पत्नी गीतांजलि अंगमो की याचिका पर दिया है। दोपहर 12 बजे तक हजारों की संख्या में आंदोलनकारी धरने वाली जगह पर पहुंच गए हैं। सुबह कांग्रेस सेवा दल के कार्यकर्ताओं ने इन्हें नाश्ता बांटा।

मंगलवार सुबह जब सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस पहुंची तो CJP समर्थकों ने 'दिल्ली पुलिस हाय-हाय' के नारे लगाए। दिल्ली पुलिस ने सोमवार शाम जंतर-मंतर से प्रदर्शनकारियों को हटा दिया था, लेकिन देर रात वे फिर जमा हो गए।

CJP फाउंडर अभिजीत दीपके ने कहा, 'हम संसद मार्च आज इसलिए नहीं निकाल रहे हैं, क्योंकि इस सरकार और पुलिस ने छात्रों का खून बहाया है। इन्हें छात्रों की कोई परवाह नहीं है, लेकिन हमें है।'

सोनम वांगचुक 24वें दिन भी अनशन पर हैं। सोमवार को उन्होंने कहा था- पुलिस की बर्बरता देखने के बाद अपना अनशन जारी रखूंगा। NDA संसदीय दल की बैठक में पीएम मोदी ने कहा कि पेपर लीक मामले में राजनीति नहीं होनी चाहिए। दोषियों को कड़ी सजा मिलेगी। राहुल ने कहा कि इस मुद्दे पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के अलावा पीएम और गृहमंत्री इस्तीफा दें और छात्रों से माफी मांगें। इस मामले में जवाबदारी तय होनी ही चाहिए।

# किसानों का दिल्ली कूच स्थगित



- दो मांगों पर सहमति बनी, हरियाणा में बॉर्डर सील
- कुंडली-सिंघु बॉर्डर पर 4 किमी जाम

अमेरिका-भारत फ्री ट्रेड डील के विरोध में पंजाब और हरियाणा के किसानों ने मंगलवार को प्रस्तावित दिल्ली कूच और किसान घाट महापंचायत फिलहाल स्थगित कर दी है। शंभू और खनौरी बॉर्डर पर पुलिस की सख्ती तथा हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के साथ हुई बैठक के बाद किसान वापस लौट गए। कुरुक्षेत्र पुलिस ने किसान नेता गुरनाम सिंह चढ़ूनी को भी रिहा कर दिया।

भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश सचिव दिलबाग सिंह दिराजके ने बताया कि हिरासत में लिए गए किसान नेताओं की रिहाई और केंद्र सरकार से वार्ता कराने पर सहमति बनने के बाद धरना स्थगित करने का फैसला लिया गया।

हालांकि, कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) के संसद घेराव के मद्देनजर हरियाणा के पंजाब, दिल्ली और यूपी से लगे बॉर्डरों पर सुरक्षा व्यवस्था अभी भी कड़ी है। कई जिलों में किसान नेताओं और CJP समर्थकों को हाउस अरेस्ट या डिटेन किया गया।

अंबाला के शंभू बॉर्डर पर 27 जुलाई तक धारा 163 लागू कर पांच या उससे अधिक लोगों के एकत्र होने पर रोक लगा दी गई। वहीं, सुबह सोनीपत के कुंडली-सिंघु बॉर्डर पर करीब 4 किलोमीटर लंबा जाम लगा। जांच के बाद ही दिल्ली की ओर प्रवेश दिया जा रहा है। कुरुक्षेत्र-हिसार में बस से जा रहे किसानों को रोकाः कुरुक्षेत्र में प्राइवेट बस से दिल्ली जा रहे किसानों को पुलिस ने ज्योतिसर चौकी के पास लगे नाके पर रोक लिया।

# राहुल-प्रियंका ने घायल छात्रों से अस्पताल जाकर की मुलाकात

- PM मोदी पर बरसे

**नई दिल्ली.** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने राजधानी दिल्ली में प्रदर्शनकारी छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। संसद परिसर के बाहर राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस पूरे मामले पर चुप क्यों हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी को माफी मांगनी चाहिए और पद से इस्तीफा देना चाहिए। इस बीच, राहुल गांधी और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा



मंगलवार को दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल पहुंचे। दोनों ने पुलिस कार्रवाई में घायल हुए प्रदर्शनकारी छात्रों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना।

#### छात्रों के साथ मारपीट और बल प्रयोग की निंदा

राहुल गांधी ने प्रदर्शन कर रहे छात्रों के साथ मारपीट और बल प्रयोग की निंदा करते हुए कहा कि युवाओं के साथ ऐसा व्यवहार पूरी तरह गैर-भारतीय है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने कल हुई घटना के लिए अब तक माफी तक नहीं मांगी है। राहुल गांधी ने कहा कि ये युवा शिक्षा और परीक्षा प्रणाली को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं और पूरा देश जानता है कि शिक्षा व परीक्षा प्रणाली चरमरा चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि परीक्षा प्रणाली को दीमकों ने खोखला कर दिया है। उन्होंने कहा, 'छात्र केवल यही कह रहे हैं कि शिक्षा और परीक्षा प्रणाली को ठीक किया जाए। देश के युवाओं के साथ इस तरह व्यवहार करने का कोई तरीका नहीं है।'

राहुल गांधी ने संसद परिसर में संवाददाताओं से यह भी कहा छात्रों की पिटाई के लिए गृह मंत्री अमित शाह को भी त्यागपत्र देना चाहिए। उन्होंने कई विपक्षी नेताओं के साथ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात कर छात्रों से जुड़े मुद्दों पर सदन में चर्चा कराने की मांग की। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि विपक्षी सांसदों ने बिरला से मुलाकात कर छात्रों के मुद्दे पर चर्चा कराने की अपील रखी, लेकिन अध्यक्ष ने कहा कि चर्चा के लिए उन्हें सरकार से पूछना पड़ेगा। उन्होंने कहा, 'दूसरे शब्दों में, लोकसभा अध्यक्ष कह रहे हैं कि संसद में बहस कराने के लिए उन्हें सरकार की अनुमति चाहिए। यह मुद्दा छात्रों और युवाओं के भविष्य से जुड़ा है।'

# जरूरत पड़ी तो कॉकरोचों के प्रदर्शन में जाऊंगी- ममता बनर्जी का ऐलान

**नई दिल्ली.** संसद मार्च के दौरान सोमवार को हुए हंगामे के बाद कॉकरोच जनता पार्टी यानी सीजेपी चीफ अभीजीत दीपके ने एक बार फिर संसद कूच का ऐलान किया था। हालांकि मंगलवार को उन्होंने कहा कि संसद मार्च नहीं होगा। सोमवार को दिल्ली पुलिस ने जंतर-मंतर खाली करवा दिया था और टेंट भी उतार दिया था। रात 10 बजे से लोग एक बार फिर जंतर-



मंतर पर जमा होने लगे और फिर से तंबू तान दिया गया। अभिजीत दीपके भी 6 घंटे बाद लौटे और उन्होंने कहा कि वह सरकार के रवैया से खुश नहीं हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे तक प्रदर्शन जारी रहेगा।

पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने कहा, 'अगर जरूरत पड़ी तो मैं खुद भी सीजेपी के विरोध प्रदर्शन में जाऊंगी। हमने शुरू से ही उनका समर्थन किया है और आगे भी हमारा समर्थन जारी रहेगा।'

# सिक्किम की निर्माणाधीन टनल पर लैंडस्लाइड



- 10 मजदूरों की मौत, 17 अब भी फंसे
- मलबे से सुरंग बंद, रेस्क्यू करने गए कुछ वर्कर बेहोश

**गंगटोक.** सिक्किम में सोमवार को एक टनल पर लैंडस्लाइड होने से उसका एंट्री गेट बंद हो गया, जिससे अंदर मौजूद 27 मजदूर फंस गए। इनमें से 10 की मौत हो गई। मृतकों में 3 की पहचान अभी नहीं हो पाई है, जबकि 17 मजदूर अब भी फंसे हैं। नामची जिले के मामरिंग स्थित समरदुंग सुरंग में निर्माण कार्य चल रहा था। एसपी सोनम डोल्मा ने बताया कि फंसे हुए मजदूरों की संख्या 27 से कम या ज्यादा भी हो सकती है। सुरंग में मीथेन गैस लीक होने की आशंका है। कई बचावकर्मियों को अंदर जाने के दौरान चक्कर आए। कुछ बेहोश भी हो गए, जिससे रेस्क्यू ऑपरेशन प्रभावित हुआ।

### दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेटर पर रेप का आरोप

**नई दिल्ली.** युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज अभिषेक पोरेल की मुश्किलें बढ़ती हुई नजर आ रही हैं। कलकत्ता हाईकोर्ट ने रेप केस में पोरेल समेत दो लोगों को तत्काल गिरफ्तार करने का आदेश दिया है। हाई कोर्ट ने मोगरा पुलिस को पोरेल के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जब्त करने का भी निर्देश दिया, ताकि शिकायत करने वाली महिला की तस्वीरें और वीडियो को शेयर न किया जा सके। उनपर मेडिकल छात्रा से रेप का आरोप है।

छात्रा ने आरोप लगाया कि क्रिकेटर ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और दोनों के निजी पलों को रिकॉर्ड कर लिया 23 वर्षीय पोरेल आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) की ओर से खेलते हैं। उन्होंने आईपीएल 2026 में डीसी के लिए चार मैच खेले थे। वह घरेल क्रिकेट में बंगाल का प्रतिनिधित्व करते हैं।

# नेपाल में एक रुपए के सिक्के से विवादित-नक्शा नहीं हटेगा

- इसमें भारत के इलाकों को अपना दिखाया
- नई डिजाइन का प्रस्ताव लौटाया

**काठमांडू.** नेपाल सरकार ने एक रुपए के सिक्के से विवादित राष्ट्रीय नक्शा हटाने का प्रस्ताव खारिज कर दिया है। इस नक्शे में भारत के लिपुलेख, कालापानी और लिम्पियाधुरा को नेपाल का हिस्सा दिखाया गया है।




नेपाल राष्ट्र बैंक (NRB) ने पहले प्रस्ताव रखा था कि एक रुपए के सिक्के पर छपे नेपाल के विवादित नक्शे की जगह मुस्तांग के ऐतिहासिक मठ की तस्वीर लगाई जाए। इस नक्शे को सिक्के से हटाने की खबर जैसे ही बाहर आई, इसका विरोध होने लगा।

इसके बाद मंत्रालय ने नेपाल राष्ट्र बैंक को निर्देश दिया कि डिजाइन में बौद्ध मठ के साथ नेपाल का राष्ट्रीय नक्शा भी शामिल किया जाए। इसके बाद संशोधित प्रस्ताव दोबारा मंजूरी के लिए भेजा जाए।

#### मौजूदा सरकार बनने से पहले ही प्रस्ताव तैयार हुआ

अधिकारियों के मुताबिक, यह प्रस्ताव मौजूदा सरकार बनने से पहले तैयार होना शुरू हो गया था। इसका मकसद नेपाल की मुद्रा पर देश की अलग-अलग सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों को जगह देना था। नेपाल राष्ट्र बैंक के एक अधिकारी ने कहा, नेपाल के कई नोटों और सिक्कों पर पहले से ही पशुपतिनाथ मंदिर और जानकी मंदिर जैसे हिंदू धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों की तस्वीरें हैं। यह महसूस किया गया कि बौद्ध विरासत को पर्याप्त जगह नहीं मिली है। इसलिए घर मठ को चुना गया क्योंकि इसका ऐतिहासिक महत्व बहुत बड़ा है। साथ ही इससे मुस्तांग में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। लो घेकर मठ नेपाल के अपर मुस्तांग में स्थित है। माना जाता है कि इसकी स्थापना आठवीं शताब्दी में गुरु पद्मसंभव (गुरु रिनपोछे) ने की थी। इतिहासकार इसे नेपाल के सबसे पुराने बौद्ध मठों में से एक ही नहीं, बल्कि पूरे हिमालयी क्षेत्र के सबसे प्राचीन बौद्ध मठों में भी गिनते हैं।

# राजा हत्याकांड-सुप्रीम कोर्ट ने सोनम को सरेंडर की सलाह दी

- पूछा-गिरफ्तारी का कारण नहीं बताने का मुद्दा पहले क्यों नहीं उठाया
- जमानत पर फैसला 23 को

**नई दिल्ली.** इंदौर के राजा रघुवंशी हत्याकांड की आरोपी उसकी सोनम रघुवंशी को सुप्रीम कोर्ट ने सरेंडर करने की सलाह दी है। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस पीबी वराले की पीठ ने सोनम के वकील से कहा- उनके पास दो विकल्प हैं-

**पहला-** यदि वे चाहें तो यह अदालत मेघालय सरकार की अपील पर उनकी दलीलें सुनकर अंतिम आदेश पारित कर सकती है।

**दूसरा-** सोनम फिलहाल आत्मसमर्पण करे ताकि जांच एजेंसियां उससे पूछताछ कर सकें और इस दौरान जमानत के मुद्दे पर भी विचार किया जा सके।



कोर्ट इस मामले की अगली सुनवाई 23 जुलाई को करेगी। उसी दिन यह फैसला हो सकता है कि सोनम की जमानत बरकरार रहेगी या उसे जेल जाना होगा।

इसी साल 26 अप्रैल को मेघालय हाईकोर्ट ने सोनम को जमानत दी थी। मेघालय सरकार ने जमानत के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई है।

#### सोनम के कानूनी तर्कों पर भी उठाए सवाल

सुप्रीम कोर्ट ने वारदात के बाद सोनम के व्यवहार और कानूनी तर्कों पर भी सवाल उठाए। अदालत ने पूछा कि गिरफ्तारी के समय कारण नहीं बताए जाने का मुद्दा पहले क्यों नहीं उठाया गया? इस पर सोनम के वकील ने निर्देश लेने के लिए समय मांगा और कहा कि वे गुरुवार तक अपना जवाब दाखिल करेंगे।

वहीं, मेघालय सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सोनम की जमानत का विरोध करते हुए कहा कि उसने पुलिस के सामने स्वेच्छा से आत्मसमर्पण किया था। ऐसे में बाद में यह कहना कि गिरफ्तारी के कारण नहीं बताए गए, कानूनी रूप से स्वीकार नहीं है।

उन्होंने अदालत को बताया कि गिरफ्तारी मेमो में यदि कोई कमी है तो वह केवल लिपिकीय त्रुटि (क्लेरिकल मिस्टेक) है। जो आरोपी स्वयं पुलिस के सामने उपस्थित होकर समर्पण करता है, वह गिरफ्तारी की प्रक्रिया से जुड़े तकनीकी आधारों पर राहत नहीं मांग सकता।

# MP विधानसभा में UCC बिल हो गया पास

- शादी-लिव इन समेत कई नियम बदल जाएंगे

**भोपाल.** मध्य प्रदेश विधानसभा ने मंगलवार को प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के विरोध के बीच ध्वनि मत से समान नागरिक संहिता (UCC) विधेयक पारित कर दिया। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने इसे प्रवर समिति (सेलेक्ट कमेटी) के पास भेजने की मांग की, लेकिन सरकार ने इसे मंजूर नहीं किया। मुख्य विपक्षी दल ने इस विधेयक को संविधान के अनुच्छेद 29 के तहत अल्पसंख्यकों के अधिकारों के खिलाफ और राजनीतिक एजेंडा बताते हुए विरोध दर्ज कराया। इसके बावजूद सरकार ने बिल को सदन से पास करा लिया।

विधानसभा में बिल को पेश करते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि विधानसभा में एक सुनहरा इतिहास रचा जा रहा है, लेकिन कांग्रेस अपनी तुष्टिकरण की राजनीति और इसे आदिवासी-विरोधी बताने के कारण इस मौके



को गंवा रही है।

#### कांग्रेस की एक मांग को किया नामंजूर

उधर सदन में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता उमंग सिंघार ने बिल का विरोध किया और पार्टी विधायक आरिफ मसूद की उस मांग का समर्थन किया जिसमें बिल को चर्चा के लिए एक सेलेक्ट कमेटी के पास भेजने की बात कही गई थी। उन्होंने कहा कि UCC बिल पास करने के बजाय, भाजपा सरकार को OBC समुदाय के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करना चाहिए।

# पीवी सिंधु ने कमबैक का क्रेडिट विराट को दिया

- लिखा- वे मिले और कुछ समझाया, इससे नजरिया बदला;
- सिंधु ने 2 साल बाद टूर्नामेंट जीता

2 बार की ओलिंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु ने अपनी दमदार वापसी का क्रेडिट भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली को दिया है। उन्होंने 2 दिन पहले शनिवार को जापान ओपन सुपर-750 का खिताब जीता। सिंधु ने करीब 2 साल बाद कोई खिताब जीता था। इससे पहले वे करियर के सबसे मुश्किल दौर से गुजर रही थीं।

31 साल की पीवी सिंधु ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने कमबैक में कोहली की भूमिका का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि करियर के सबसे मुश्किल दौर में उन्होंने विराट से सलाह ली थी और उनकी एक सीख ने पूरी सोच बदल दी।

सिंधु ने लिखा- मैंने लगातार चोटों, खराब प्रदर्शन और मानसिक दबाव के बीच विराट कोहली से संपर्क किया। कोहली ने कुछ ही मिनटों में जवाब दिया और अगले दिन उनसे मुलाकात की। इस दौरान उनके पति वेंकट दत्ता साई भी मौजूद थे।

सिंधु ने कहा- 'चोट के दौरान कई बार आत्मविश्वास डगमगाया, लेकिन मैंने खुद पर भरोसा नहीं खोया। जापान ओपन का यह खिताब केवल एक ट्रॉफी नहीं, बल्कि इस बात का सबूत है कि मेरा सफर अभी खत्म नहीं हुआ है।'

पैर के लिगामेंट की चोट के बाद डॉक्टर दिनशॉ परदीवाला ने सिंधु को पूरा आराम करने की सलाह दी। इसके बाद दत्ता साई उन्हें अमेरिका के अटलांटा ले गए। जहां परिवार के बीच रहकर मानसिक रूप से सिंधु ने खुद को फिर से तैयार किया।



#### ट्रॉफी के पीछे भागने के बजाय खेल में खुशी तलाशने की सलाह दी

सिंधु ने कहा कि उस मुलाकात में हुई बातचीत निजी रहेगी, लेकिन विराट की सबसे बड़ी सीख थी कि ट्रॉफी के पीछे भागने के बजाय खेल में दोबारा खुशी तलाशनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अब वह सुबह 5:30 बजे अभ्यास के लिए ट्रॉफी जीतने नहीं, बल्कि खेल के प्रति अपने जुनून की वजह से उठती हैं। इस मानसिक बदलाव के साथ सिंधु ने अपने खेल में कई सुधार किए। उन्होंने करीब 3.5 किलो वजन कम किया, नेट गेम को मजबूत बनाया, डेटा आधारित ट्रेनिंग अपनाई और इंडोनेशियाई कोच इरवांशाह व स्ट्रेंथ ट्रेनर वेन लोम्बार्ड के साथ फिटनेस पर विशेष काम किया।

# अब हज-2027 के लिए 24 जुलाई तक करें ऑनलाइन आवेदन

- 30 जुलाई को लॉटरी से होगा चयन

**लखनऊ।** हज पर जाने के इच्छुक श्रद्धालुओं के लिए सहयोगी राहत भरी खबर है। हज कमेटी ऑफ इंडिया ने हज-2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 जुलाई से बढ़ाकर अब 24 जुलाई कर दी है। इससे उन आवेदकों को राहत मिलेगी जो किसी कारणवश निर्धारित समय सीमा में अपना आवेदन पूरा नहीं कर पाए थे।

हज कमेटी की ओर से जारी सूचना के अनुसार, हज-2027 के लिए इच्छुक आवेदक जल्द से जल्द वेबसाइट पर ऑनलाइन हज आवेदन पूरा कर लें। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि जिन आवेदकों ने पहले ही अपना रजिस्ट्रेशन करा लिया है, लेकिन किन्हीं तकनीकी या व्यक्तिगत कारणों से ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूर्ण नहीं कर पाए, वे भी नई



निर्धारित अवधि में अपना आवेदन पूरा कर सकते हैं। कमेटी ने आवेदकों से समय रहते प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है, ताकि अंतिम समय की भीड़ और तकनीकी परेशानियों से बचा जा सके。

- डिजिटल रैंडम चयन प्रक्रिया

आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद हज यात्रियों के चयन के लिए ऑनलाइन कुर्रा, यानी डिजिटल रैंडम सेलेक्शन प्रक्रिया, 30 जुलाई को मुंबई स्थित हज हाउस में आयोजित की जाएगी। कुर्रा एक लॉटरी जैसी प्रक्रिया है, जिसके तहत तय सीटों से अधिक आवेदन आने पर कंप्यूटर के माध्यम से पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से यात्रियों का चयन किया जाता है, ताकि किसी भी प्रकार की मनमानी या पक्षपात की संभावना न रहे।

#### धनराशि जमा करने की तिथि

कुर्रा प्रक्रिया के जरिए चयनित होने वाले सभी हज यात्रियों को 10 अगस्त तक अग्रिम धनराशि के रूप में 1,52,300 रुपये जमा करना अनिवार्य होगा। हज कमेटी ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित तिथि तक भुगतान न करने की स्थिति में चयनित यात्री की सीट रद्द भी हो सकती है, इसलिए चयनित आवेदकों को समय रहते भुगतान प्रक्रिया पूरी करने की सलाह दी गई है। हज कमेटी के अधिकारियों ने बताया कि इच्छुक आवेदक किसी भी तरह की जानकारी या सहायता के लिए हज कमेटी की आधिकारिक वेबसाइट या हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं.

## संक्षेप...

### सोसायटी में घुसकर चोरी करने वाले तीन चोर गिरफ्तार

**नवी मुंबई.** नवी मुंबई पुलिस की सेंट्रल क्राइम ब्रांच ने एक अंतर-जिला चोरों के गैंग का पर्दाफाश किया है, जो हाउसिंग सोसायटी में घुसकर बुजुर्ग महिलाओं के गले से मंगलसूत्र और सोने की चेन छीन लेते थे. सीसीटीवी में एक संदिग्ध की तस्वीर के आधार पर जांच शुरू करते हुए पुलिस ने मीरा रोड इलाके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया. इन आरोपियों द्वारा नवी मुंबई समेत अलग-अलग जगहों पर किए गए करीब नौ आपराधिक मामलों को सुलझा लिया गया है. पुलिस ने बताया कि उनके खिलाफ दूसरे पुलिस थानों में भी टू-व्हीलर चोरी, सोने की चेन चोरी और दूसरी प्रॉपर्टी के केस दर्ज हैं.

# 2 ब्लाइंड मर्डर केस सुलझे, 3 गिरफ्तार

- ठाणे ग्रामीण पुलिस की दोहरी कामयाबी
- कल्याण में समलैंगिक आकर्षण से उपजा विवाद बना हत्या की वजह
- शहापुर में अवैध संबंधों के चलते पति की कुल्हाड़ी से हत्या



**ठाणे.** ठाणे ग्रामीण पुलिस ने दो अलग-अलग ब्लाइंड मर्डर केसों का सफल खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी कामयाबी हासिल की है। कल्याण में कथित समलैंगिक आकर्षण से उपजे विवाद के चलते एक कर्मचारी की हत्या कर शव जंगल में फेंक दिया गया, जबकि शहापुर में अवैध संबंधों में बाधा बनने पर पति की कुल्हाड़ी से निर्मम हत्या कर दी गई। तकनीकी जांच और सटीक पुलिस कार्रवाई के दम पर दोनों सनसनीखेज हत्याकांडों का पर्दाफाश कर पुलिस ने आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया।पुलिस अधीक्षक डॉ. विनयकुमार राठोड़ और अपर पुलिस अधीक्षक अनमोल मित्तल के मार्गदर्शन में स्थानीय अपराध शाखा और संबंधित पुलिस थानों की टीमों ने दोनों मामलों का खुलासा किया। पहले मामले में 28 जून 2026 को कल्याण ग्रामीण के मामनोली गांव के जंगल में मिले अज्ञात शव की पहचान किशोरचंद्र कार्तिक साहू (42) के रूप में हुई। जांच में सामने आया कि मुरबाड स्थित मिंडा कंपनी में साथ काम करने वाले सौरभ विश्वनाथ गोल्हे (24) और ज्ञानेश्वर दत्तात्रय कंठे (28) ने कथित समलैंगिक आकर्षण से परेशान होकर साहू को जंगल में ले जाकर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपियों ने मृतक के सोने के आभूषण भी लूट लिए। दोनों को गिरफ्तार कर अदालत ने 24 जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। दूसरा मामले में 16 जुलाई 2026 को शहापुर तहसील के किन्हवली थाना क्षेत्र के खरपत गांव में वामन आलो निरगुडा (52) की कुल्हाड़ी से गला काटकर हत्या कर दी गई थी। जांच में गांव के ही धनेश देउ मेंगाल (35) को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि मृतक की पत्नी से उसके 6-7 महीनों से अवैध संबंध थे। इसी संबंध में बाधा बनने पर उसने काटा बने वामन की हत्या कर दी। आरोपी को अदालत ने 21 जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। पुलिस के अनुसार, दोनों मामलों में तकनीकी साक्ष्यों और गहन पूछताछ के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने में सफलता मिली।

## राममंदिर में कथित चंदा चोरी को लेकर युवक कांग्रेस का अनोखा प्रदर्शन



**कल्याण.** चंदा चोरी के खिलाफ युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने कल्याण में अनोखा प्रदर्शन किया। मंगलवार को राम-सीता और हनुमान बनकर कार्यकर्ता सड़क पर उतरे और पैदल मार्च कर महात्मा फुले पुलिस को ज्ञापन सुपुर्द किया। जिलाध्यक्ष जगजीत सिंह के नेतृत्व में कल्याण के पूर्णिमा चौक से महात्मा फुले पुलिस स्टेशन तक निकाले गए इस पैदल मार्च में कार्यकर्ताओं ने ढोल, मृदंग और ताल की धुन पर ₹राम नाम जपना, पराया माल अपना₹ के नारे लगाए। प्रदर्शन का मकसद अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट में कथित वित्तीय अनियमितताओं और अन्य जनहित के मुद्दों की ओर ध्यान खींचना था। महात्मा फुले पुलिस स्टेशन के बाहर कुछ देर हंगामे जैसी स्थिति बनी। बाद में प्रदर्शनकारियों ने पुलिस को ज्ञापन सौंपा।

## ट्रांसफार्मर तोड़कर चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**ठाणे.** मुरबाड़ पुलिस सिमा के अंतर्गत संगम गांव की के पास लगे ट्रांसफार्मर को तोड़कर तांबे का तार चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर गिरोह के 7 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। इस अपराध में 1 नाबालिग का भी समावेश है। इस मामले में पुलिस ने 8 लाख 20 हजार का सामान बरामद किया है। जिसमें 5 लाख का माल व 1 सामान ढोने वाली गाड़ी तथा 4 मोटरसाइकिल जिसकी कीमत 3 लाख 20 हजार है।

उक्त चोरी की घटना को लेकर वरिष्ठ तकनीशियन रवींद्र कालूराम घुडे ने ट्रांसफार्मर मे तांबे की चोरी की शिकायत मुरबाड पुलिस थाने में 17 जुलाई को दर्ज कराई थी। ऐसी जानकारी ठाणे पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित पत्रकार परिषद के दौरान ग्रामीण पुलिस अधीक्षक विनय कुमार राठोड़ व अपर पुलिस अधीक्षक अमोल मित्तल ने दी।

पुलिस को जांच करते समय एक गोपनीय मुखबिर ने बताया कि एक युवक तांबे के तार को बेचने के लिए कुछ लोग मुरबाड आ रहे हैं। जानकारी के आधार पर मुरबाड पुलिस ने जाल बिछाया। इस दौरान सुनील रमेश पवार (22), प्रशांत प्रकाश वाघ (20) को माल समेत हिरासत में लिया।

पुलिस ने पूछताछ कर और मोबाइल फोन का तकनीकी मदद के आधार पर मुख्य आरोपी नरेश भाऊ मोरे (36), सूरज अशोक पारधी (20), किसान रामरूप कुमार (25), निशांत मोहन सिंह (18) राज गुलाबचंद यादव (19) वर्ष को हिरासत में लेकर गिरफ्तार किया गया।

इस मामले में पुलिस ने 7 आरोपी और 1 नाबालिग का समावेश बताया है। पुलिस ने ट्रांसफार्मर से चोरी हुए तांबे के तार समेत 4 मोटरसाइकिल वाहन जब्त किए गए हैं।जब आरोपियों से गहनता से पूछताछ की गई तो आरोपियों ने ठाणे ग्रामीण और रायगढ़ जिले के विभिन्न स्थानों पर अपराध करना कबूल किया। उक्त आरोपियों के खिलाफ मुरबाड, कल्याण तालुका, शाहपुर, वाशिंद, कसारा, किन्हवाली, टोकावडे पुलिस स्टेशन में कुल 10 अपराध और रायगढ़ जिले के नेरल और खालापुर पुलिस स्टेशन में 2 समेत कुल 12 अपराधों का खुलासा हुआ है।

# कल्याण में 16 लोगों से 2 करोड़ की ठगी

- अधिक ब्याज व मुनाफे का लालच देकर 2 लोगों ने ठगा




**कल्याण.** हम आपको 1 लाख रुपये के इन्वेस्टमेंट पर हर महीने 5 से 10 परसेंट ब्याज देते हैं। इस तरह कल्याण शहर के दो युवकों ने आकर्षक इन्वेस्टमेंट और मुनाफे का लालच देकर कल्याण वेस्ट में भानुसागर सिनेमा के पास एक चाय वाले समेत इस चाय की दुकान पर चाय पीने आए कुल 16 लोगों से ठगी की है। इस धोखाधड़ी के मामले में महात्मा फुले पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया है।

चाय वाले का नाम लक्ष्मण निकुंज सोजित्रा (33) है। कल्याण वेस्ट में भानुसागर सिनेमा के पास उनकी राजवाड़ी चाय नाम से चाय की दुकान है। चाय वाले लक्ष्मण की शिकायत पर पुलिस ने द स्टॉकटन कंसल्टेंसी के रोहित सुरवाडे और प्रतीक गायकवाड़ के खिलाफ केस दर्ज किया है। कंसल्टेंसी का ऑफिस कल्याण वेस्ट के चिकनघर इलाके में छत्री बंगले के पास राधाकुंज सोसाइटी, बंगला नंबर 3 में था।

चाय विक्रेता लक्ष्मण ने पुलिस स्टेशन में दी अपनी शिकायत में कहा है कि आरोपी रोहित सुरवाड़े और प्रतीक गायकवाड़ रेगुलर उसकी चाय की दुकान पर चाय पीने आते थे। उसने बताया कि उसकी एक इन्वेस्टमेंट एजेंसी है। वह कहता था कि वह एक लाख के इन्वेस्टमेंट पर हर महीने पांच से दस परसेंट ब्याज देगा। इस बात पर यकीन करके और मेरा भरोसा जीतकर उसने मुझे छत्री बंगले के पास राधाकुंज सोसाइटी में अपने ऑफिस में बुलाया। वहां प्रतीक गायकवाड़ ने मुझे मेरे इन्वेस्टमेंट पर हर महीने पांच परसेंट ब्याज देने का भरोसा दिलाया। उसकी बातों पर भरोसा करके मैंने मार्च 2022 से जून 2026 तक उसके दिए बैंक अकाउंट में कुल 15 लाख 50 हजार रुपये भेज दिए। शुरुआत में उसने मुझे अपने एक इन्वेस्टमेंट पर 10 महीने तक 55 हजार रुपये का ब्याज दिया। उसके बाद उसने ब्याज देना बंद कर दिया। उसने छत्री बंगले के पास अपना ऑफिस बंद कर दिया। प्रतीक गायकवाड़ वहीं रहता था और वह भी चला गया।

### इन लोगों से की गई ठगी...

शिकायत में कहा गया है कि दोनों ने दूसरे नागरिकों को भी धोखा दिया है। धोखे में आए दूसरे इन्वेस्टर और उनकी रकम इस तरह है। रोहित और प्रतीक ने 16 निवेशकों से 2 करोड़ 42 लाख रुपये की ठगी की है, जिसमें खुशाल प्रजापति 8 लाख 50 हजार, गणेश अग्रवाल 1 लाख 50 हजार, जितेंद्र जैन 2 लाख, निलेश कावा 1 लाख, बालकृष्ण पवार 74 लाख 65 हजार, विक्रम नाइकरे 2 लाख, संपत सालुंखे 10 लाख 77 हजार, आरिफ अंसारी 15 लाख, दिनेश प्रजापति 7 लाख, रूपेश चुडासमा 5 लाख, किरीट गजेरा 6 लाख, संगीता हिरपरा 25 लाख, अरुण निचाइट 12 लाख, सागर निचाइट 10 लाख, स्वाति हरड़ 13 लाख शामिल हैं।

# आसारामज बापू आश्रम में गीता, भागवत सत्संग का आयोजन

- हजारों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने लिया सत्संग का लाभ
- उद्योगपति विश्वनाथ पनवेलकर रहे मौजूद
- भजन कीर्तन आरती महाप्रसाद के साथ हुआ समापन
- श्री वेदांत सेवा समिति बदलापुर के विशाल गुप्ता बने अध्यक्ष





**बदलापुर.** बदलापुर पूर्व के समर्थ नगर, शिरगांव स्थित संत श्री आसारामजी बापू के आश्रम में रविवार शाम गीता और भागवत सत्संग का भव्य आयोजन किया गया। सत्येंद्र भाई, पांचा भाई और विशालकुमार गुप्ता की अगुवाई में आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं और अनुयायियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन के दौरान पूरे आश्रम परिसर में भक्ति और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला।

सत्संग के दौरान श्री रामा भाई और श्री बुजेश भाई ने अपने प्रेरणादायक प्रवचनों के माध्यम से उपस्थित श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक संदेश दिया। गीता भागवत सत्संग प्रवचन सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कार्यक्रम के दौरान भजन, कीर्तन और संकीर्तन का आयोजन किया गया, जिस पर श्रद्धालु जमकर झूमे, नाचे और भक्तिभाव में सराबोर हो गए। आयोजन में हजारों की संख्या में पहुंचे भक्तों ने सत्संग का आनंद लेते हुए आध्यात्मिक ज्ञान का रसपान किया। इस आयोजन में अंबरनाथ के वरिष्ठ समाजसेवक उद्योगपति श्री विश्वनाथ पनवेलकर भी अपने सहयोगियों के साथ उपस्थित रहे और गीता भागवत सत्संग का लाभ लिया आयोजकों द्वारा पनवेलकर जी का विशेष सम्मान किया गया।

श्री योग वेदांत सेवा समिति बदलापुर के नवनियुक्त अध्यक्ष विशाल गुप्ता,उपाध्यक्ष कमलेश पंजाबी, हरीश यादव,किशनलाल जोशी, सचिव हरिओम पांडे, सहसचिव अशोक अहीरे,वसंत उपाध्याय, कोषाध्यक्ष प्रकाश सोनी, सह कोषाध्यक्ष प्रताप सोनी, सदस्य समीर शिंदे,दीपू बठीजा, मन्नू ठाकुर, कृष्णानंद तिवारी, प्रिंस कुमार राय,सुनील करीरा का आयोजन सफल बनाने में विशेष योगदान रहा। महाराष्ट्र प्रदेश संचालक श्री सत्येंद्र भाई, नासिक आश्रमसंचालक श्री राम आशीष भाई, रायता आश्रम संचालक रघु भाई, मुंबई योग विधानसभा समिति का अध्यक्ष श्री पाचा भाई का इस आयोजन में विशेष मार्गदर्शन रहा।

सत्संग के समापन के बाद सभी श्रद्धालुओं के लिए महाभंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन को सफल बनाने में आश्रम के पदाधिकारियों और सेवकों का अभूतपूर्व योगदान रहा।

## भारी वाहन की टक्कर से गिरा डायरेक्शन इंडिकेटर

**नवी मुंबई.** मुंब्रा-पनवेल हाईवे पर कलंबोली गांव के सामने मंगलवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया. सुबह करीब 6:45 बजे के आसपास एक अज्ञात भारी वाहन ने सड़क किनारे लगे लोहे के साइनपोस्ट (डायरेक्शन इंडिकेटर) के टावर को जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि लोहे का विशाल टावर सीधे हाईवे पर आ गिरा. गनीमत रही कि घटना के वक्त हाईवे पर गाड़ियां नहीं थीं, जिससे कोई हताहत नहीं हुआ.

घटना की सूचना मिलते ही ट्रैफिक पुलिस, स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंची. सुरक्षा के लिहाज से कुछ समय के लिए हाईवे पर यातायात रोक दिया गया.

## भिवंडी में इस्कॉन की निकलेगी रथ यात्रा



**भिवंडी.** मानसरोवर इस्कॉन ने शुक्रवार (24) को भिवंडी में भगवान कृष्ण की रथ यात्रा का आयोजन किया है, यह जानकारी मंदिर मैनेजर सुदाम दास ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी।

रथ यात्रा दोपहर 2 बजे वराला देवी चौक से शुरू होगी और पद्मानगर, धामनकर नाका, वराला तालाब, चंदनबाग, पिसपार्क, फेने पाड़ा होते हुए शाम 6 बजे मानसरोवर पर खत्म होगी। इस्कॉन भिवंडी की रथ यात्रा का यह दूसरा साल है और सुदाम दास प्रभु ने भरोसा जताया है कि पिछले साल की तरह इस साल भी बड़ी संख्या में भक्त इस समारोह में शामिल होंगे।

इस साल रथ यात्रा को बड़े पैमाने पर मनाने के लिए एक नया रथ बनाया गया है और रथ पर 16 फुट ऊंचा सुदर्शन चक्र बनाया गया है। कौस्तुभ हरि दास ने बताया है कि रथ यात्रा में विराजमान भगवान कृष्ण, बलराम और सुभद्रा की मूर्तियों को पहंडी विजय की धार्मिक रस्म के साथ रथ में रखा जाएगा।

# 'हिंसा किसी समस्या का समाधान नहीं'

- भूमि पेडनेकर बोलीं- बातचीत से होगी सुधार की शुरुआत



बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने CJP के प्रदर्शन, छात्रों के गुस्से और पेपर लीक के बारे में सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। भूमि पेडनेकर ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में साफ लिखा है कि देश में हो रहे प्रदर्शनों के दौरान जो हिंसा देखने को मिली है, वह किसी भी समस्या का हल नहीं है। एक्ट्रेस मानती हैं कि युवाओं और छात्रों के इस आंदोलन को हिंसक होने या अपने मुख्य उद्देश्य से भटकने से बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। मालूम हो कि जहां एक तरफ कई बॉलीवुड एक्टर्स इस मुद्दे पर सरकार के साथ हैं, तो वहीं तमाम ने इसमें CJP और छात्रों का सपोर्ट किया है।

### 'हिंसा किसी समस्या का समाधान नहीं है'

भूमि पेडनेकर ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, ₹हिंसा किसी समस्या का समाधान नहीं है। आज हमने हिंसा की तस्वीरें देखीं। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने देश के युवाओं के लिए यह पक्का करें कि यह आंदोलन हिंसा का रास्ता न अपनाए या अपने मकसद से न भटके। लोकतंत्र बातचीत से ही मजबूत होता है।

### 'एजुकेशन सिस्टम में सुधार की जरूरत है'

भूमि पेडनेकर ने आगे लिखा, ₹हमारे एजुकेशन सिस्टम में सुधार की जरूरत है। पेपर लीक, एग्जामिनेशन फेल्योर, समान मौके न मिलना, टीचर्स की कमी और छात्रों पर भारी दबाव। ये सभी सिस्टम से जुड़ी ऐसी समस्याएं हैं जिन पर ध्यान देना जरूरी है। भारत ने पिछले कुछ सालों में जबरदस्त तरक्की की है और इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता।₹ भूमि पेडनेकर ने कहा कि हमारी क्षमताएं काफी बढ़ी है, पहले के मुकाबले अब ज्यादा यूनिवर्सिटीज हैं और छात्रों के लिए ज्यादा सीटें उपलब्ध हैं। भारत का भविष्य एक मजबूर और भरोसेमंद एजुकेशन सिस्टम पर ही टिका होना चाहिए और टिका रहेगा।

## सरकारी टेक्निकल कॉलेज ठाणे में विजिटिंग लेक्चरर की भर्ती

- 28 जुलाई को लाइव इंटरव्यू

**ठाणे.** तकनीकी शिक्षा निदेशालय के अधिकार क्षेत्र के तहत एक प्रसिद्ध संस्थान सरकारी टेक्निकल कॉलेज, ठाणे शैक्षणिक वर्ष 2026-27 के विषम सत्रों के लिए प्रति घंटे के आधार पर विभिन्न विषयों के विजिटिंग लेक्चरर की भर्ती करेगा। इस संबंध में, चयन प्रक्रिया के लिए योग्य और इच्छुक उम्मीदवारों के लाइव इंटरव्यू रविवार, 28 जुलाई 2026 को आयोजित किए गए हैं और उम्मीदवारों से संस्थान के प्रशासन द्वारा समय पर उपस्थित होने की अपील की गई है।इस भर्ती प्रक्रिया के तहत, सिविल इंजीनियरिंग, एप्लाइड मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग और सूचना और प्रौद्योगिकी के महत्वपूर्ण विषयों के साथ-साथ ट्रैवल एंड टूरिज्म, केमिस्ट्री, फिजिक्स, अंग्रेजी और गणित के इंजीनियरिंग विभागों के लिए शिक्षकों का चयन किया जाएगा। इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (AICTE) के नियमों के अनुसार निर्धारित की गई है। इंजीनियरिंग स्ट्रीम के लिए संबंधित विषय में प्रथम श्रेणी की डिग्री या स्नातकोत्तर डिग्री होना आवश्यक है, जबकि रसायन विज्ञान, भौतिकी, अंग्रेजी और गणित के लिए संबंधित विषय में स्नातकोत्तर डिग्री उत्तीर्ण उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए पात्र होंगे। साक्षात्कार 28 जुलाई को सुबह 11 बजे सरकारी तकनीकी महाविद्यालय, फड़के पाडा, भारत गियर्स कंपनी के सामने, खरडीगांव, मुंब्रा, ठाणे में आयोजित किया गया है और सभी उम्मीदवारों को सुबह 10 बजे तक पंजीकरण के लिए उपस्थित होना चाहिए। इच्छुक उम्मीदवारों को अपने स्वयं के खर्चे पर अपने अद्यतन बायो-डेटा, सभी मूल दस्तावेजों और फोटोकॉपी के एक सेट के साथ साक्षात्कार के लिए उपस्थित होना आवश्यक है। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि चूंकि उक्त नियुक्ति केवल अस्थायी आधार पर है, इसलिए भविष्य में इस सेवा को नियमित करने के लिए कोई कानूनी अधिकार या दावा नहीं किया जा सकता है। सभी प्रक्रिया तकनीकी शिक्षा निदेशालय के परिपत्र में मानदंडों के अनुसार की जाएगी।

## विद्यार्थियों पर लाठीचार्ज का NCP (SP) ने किया विरोध



**कल्याण.** दिल्ली में विद्यार्थियों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में कल्याण में राष्ट्रवादी कांग्रेस (शरद पवार) गुट की ओर से तहसीलदार कार्यालय पर मोर्चा निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस पूरी घटना के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को जिम्मेदार ठहराते हुए उनसे नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार कर तत्काल इस्तीफा देने की मांग की गई। इस संबंध में राष्ट्रवादी के जिला अध्यक्ष डॉ.वंडार पाटिल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉ. वंडार पाटिल के साथ जिला निरीक्षक अविनाश देशमुख, प्रदेश महासचिव रमेश सालवे, कल्याण पश्चिम विधानसभा अध्यक्ष स्वप्निल रोकड़े, कार्याध्यक्ष रुपेश थले, जिला उपाध्यक्ष राजेश शिंदे, नरेश वायले, अनिल सावंत, निखिल कदम, वैभव माली, संगीता मोरे, शिल्पा कांबले, प्रेरणा तांबे, सूरज खान, भानुदास घुगे, स्वप्निल शेलके सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

जिलाध्यक्ष डॉ.वंडार पाटील ने कहा कि विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों पर कठोर कार्रवाई करने के बजाय सरकार अपनी जिम्मेदारी से बच रही है। विद्यार्थियों और युवाओं के मुद्दों को लेकर सोनम वांगचुक द्वारा किए गए अनशन आंदोलन पर भी सरकार ने कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं दी।




### आम सूचना

इस आम सूचना द्वारा मैं श्रीमती राजकुमारी गोबिंदराम खूबचंदानी सभी को सूचित कर रही हूं कि मेरे पति श्री गोबिंदराम के. खूबचंदानी का देहांत 23 अप्रैल 2016 को हो गया है. उनके नाम पर मारुति स्विफ्ट नं. MH05 AX 3168 है जिसे अब मेरे नाम पर परिवर्तन करने के लिए कल्याण आर.टी.ओ. कार्यालय में आवेदन दे दिया है. उपरोक्त गाड़ी पर किसी को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो जैसे विक्री व्यवहार, खरीदी व्यवहार, गिरवी, दान बक्षीस, वारण, लीज तथा अन्य कोई लेन देन हो तो इस आम सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिन के भीतर अपनी आपत्ती आर.टी.ओ. कार्यालय, कल्याण में दर्ज कराएं। अन्यथा मारुति स्विफ्ट नं. MH05 AX 3168 मेरे श्रीमती राजकुमारी गोबिंदराम खूबचंदानी के नाम पंजीकरण कर दिया जाएगा.

सही/-
**श्रीमती राजकुमारी गोबिंदराम खूबचंदानी**
रिजेंसी एंटीलिया, आयरिस, फ्लैट नं. 1303-1304,
सेंचुरी रेयान के पास, शहाड.

### आम सूचना

मैं श्रीमती सुगंदा सुंदर पुजारी सभी को सूचित कर रही हूं कि फ्लैट नं. 303, 3रा मजला, अंबा अपार्टमेंट, ब्लॉक ए-6, रुम नं. 34,35, गुरुद्वारा के पास, ए ब्लाक रोड, उल्हासनगर- 1 (टैक्स नं. 09एआय015098900) उक्त प्रॉपर्टी श्री सुंदर के. पुजारी के नाम पर है उनका निधन 11.6.2021 को हो गया। श्री विजयप्रकाश सुंदर पुजारी ने रिलीज एग्रीमेंट दि. 21.7.2026 सी.नं. 3195/2026 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती सुगंदा सुंदर पुजारी**




यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099